■ ज्येष्ठ कृष्णा - 9 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 302 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 01-06-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 एग्जिट पोल से संबंधित टीवी चर्चाओं में भाग नहीं लेगी कांग्रेस

6 ओपिनियन और एग्जिट पोल कितने सही, कितने गलत?

7 गंभीर अपराध में दोषी ठहराए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप

## फर्स्ट टेक

### कर्नाटक सरकार ने अवैध धन अंतरण मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़े अवैध धन अंतरण मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का शुक्रवार को गठन किया। चार सदस्यीय एसआईटी दल का नेतृत्व बेंगलुरु स्थित आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आर्थिक अपराध) मनीष खरबिकर कर रहे हैं। निगम के बैंक खाते से 88.62 करोड़ रुपये का अनधिकृत अंतरण तब प्रकाश में आया जब निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी ने रविवार शाम को आत्महत्या कर ली। लेखा अधीक्षक ने एक नोट भी छोड़ा था। उन्होंने नोट में निगम के अब निलंबित प्रबंध निदेशक जे जी पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी दुरुगनवर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल का नाम लिया है। साथ ही यह भी कहा है कि धन अंतरण के लिए मंत्री ने मौखिक आदेश जारी किए थे।

### सोना तस्करी मामले में एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल का सदस्य गिरफ्तार

**कन्नूर (केरल)/भाषा।** एयर इंडिया एक्सप्रेस (एआईई) की उड़ान की एक महिला चालक दल की सदस्य से जुड़े सोना तस्करी मामले की व्यापक जांच शुरू करते हुए राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने शुक्रवार को इसी एयरलाइन के विमान कर्मी दल के एक वरिष्ठ सदस्य को गिरफ्तार किया। एक सूत्र के अनुसार, एआईई के चालक दल के वरिष्ठ सदस्य और कन्नूर जिले के थिल्लेनकेरी के मूल निवासी सुहैल थानालोट को सोने की तस्करी की घटना में उसकी संलिप्तता के संबंध में डीआरआई द्वारा एकत्रित खुफिया जानकारी और साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

### बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपी एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कुमार की न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली दिल्ली पुलिस की याचिका स्वीकार कर ली।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 01-06-2024 6:24 बजे | सूर्योदय 01-06-2024 5:47 बजे |
| BSE 73,961.31 (+75.71) | NSE 22,530.70 (+42.05) |
| सोना 7,466 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 96,500 रु. प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### दागी देश

कैसा चरित्र जन का होगा,
जनप्रतिनिधि यदि होंगे दागी।
गुण्डों की होगी मौज बड़ी,
सब भ्रष्ट बनेंगे सहभागी।
होगा समाज में विचलन तब,
सारे होंगे रोगी-रागी।
हर तरफ अराजकता होगी,
सड़कों पर घूमेंगे बागी।।

# अदालत ने सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**बेंगलूरु।** बेंगलूरु की एक अदालत ने शुक्रवार को जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता एवं सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को छह जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्ज्वल को शुक्रवार तड़के जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद हासन से सांसद प्रज्ज्वल जर्मनी चले गए थे। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है।

प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) उनसे पूछताछ करेगा। एसआईटी ने मेडिकल जांच के बाद प्रज्ज्वल को अदालत में पेश किया, जिसने उन्हें सात दिन की पुलिस हिरासत में

भेजने का आदेश दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के.एन. शिवकुमार ने रिमांड अर्जी और प्रज्ज्वल के वकील की आपत्ति पर सुनवाई के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया।

एसआईटी की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक अशोक नाइक ने प्रज्ज्वल को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का अनुरोध किया।

## सूर्य अर्घ्य



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में अपनी ध्यान साधना के दूसरे दिन विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्योदय के दौरान 'सूर्य अर्घ्य' दिया। प्रधानमंत्री ने सूर्य देव को हाथ जोड़कर प्रणाम करने के बाद 'अर्घ्य' दिया। 'सूर्य अर्घ्य' आध्यात्मिक अभ्यास से जुड़ी एक परंपरा है, जिसमें भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संक्षिप्त वीडियो पोस्ट किया, जिसमें प्रधानमंत्री एक लोटे से समुद्र में सूर्य को जल अर्पित करते और माला जपते नजर आ रहे हैं। पार्टी ने पोस्ट में कहा, ''सूर्योदय, सूर्य अर्घ्य, आध्यात्मिकता''। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं, जिसमें वह भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में लीन दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरों में उनके सामने रखी अगरबत्ती जलते हुए देखी जा सकती है। ध्यान मुद्रा में मोदी की तस्वीरें अलग-अलग समय पर ली गई हैं।

# देश की जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत, पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश की अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। इसके साथ ही भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। मौजूदा चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंचने के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से संबंधित आंकड़ा शुक्रवार को सामने आया। चार जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे घोषित होंगे।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी से संबंधित आंकड़े जारी करते हुए कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे कम है। एनएसओ ने कहा, समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2022-23 में यह सात प्रतिशत थी। इस तेजी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2024 के अंत में 3.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई और अगले कुछ वर्षों में इसके पांच लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है।

आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जबकि अक्टूबर-दिसंबर 2023 में यह 8.6 प्रतिशत रही थी। वहीं जुलाई-सितंबर 2023 में यह 8.1 प्रतिशत और अप्रैल-जून, 2023 की तिमाही में 8.2 प्रतिशत थी। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही थी।

### जीडीपी के आंकड़ों पर बोले मोदी

## आने वाली चीजों का ट्रेलर



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023-24 में उच्च जीडीपी वृद्धि की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह अर्थव्यवस्था में मजबूत गति को रेखांकित करता है जो कि आगे और तेजी से बढ़ने की ओर अग्रसर है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जैसा कि मैंने कहा है, यह आने वाली चीजों का सिर्फ एक ट्रेलर है। मोदी ने कहा, 2023-24 के लिए चौथी तिमाही के जीडीपी विकास के आंकड़े हमारी अर्थव्यवस्था में मजबूत गति दिखाते हैं जो आगे और तेजी से बढ़ने को तैयार है। हमारे देश के मेहनती लोगों को इसके लिए धन्यवाद। वर्ष 2023-24 के लिए 8.2 प्रतिशत की वृद्धि इस बात का उदाहरण है कि भारत विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।



## कल आत्मसमर्पण करूंगा : केजरीवाल

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे और एक भावनात्मक अपील में लोगों से कहा कि उनके जाने के बाद वे उनके वृद्ध और बीमार माता-पिता की देखभाल करें। केजरीवाल ने कहा, मैं रविवार को अपराह्न करीब तीन बजे आत्मसमर्पण करने के लिए अपने घर से निकलूंगा। हो सकता है कि इस बार वे मुझे और प्रताड़ित करें, लेकिन मैं झुकूंगा नहीं। उन्होंने दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी अनुपस्थिति में भी उन्हें मिलने वाली सभी सुविधाएं जारी रहेंगी। उन्होंने कहा, ''आप अपना ख्याल रखना, मुझे जेल में आपकी बहुत चिंता होती है। यदि आप खुश रहेंगे तो आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा।''

# पूरे देश में योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री कोई नहीं : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल के दिए गए बयान को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मानसिक दिवालियापना का द्योतक करार दिया है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को एक निजी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, पूरे देश में



योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री कोई नहीं है। वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

दरअसल, नड्डा से केजरीवाल के उस बयान के विषय में पूछा गया था कि जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के बाद मुख्यमंत्री योगी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे तो इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि योगी का काम पूरे देश में सबसे शानदार रहा है। उन्होंने जिस कुशलता के साथ प्रदेश की बागडोर संभाली है, वह उन्हें सबसे योग्य मुख्यमंत्री साबित करती है। उनके विषय में ऐसी बातें करने वाला व्यक्ति कोई अज्ञानी ही होगा।

केजरीवाल पागल हो गए हैं। उनकी कुटिल चालों को देश की जनता अच्छी तरह समझती है।

## पूजा-अर्चना



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में शुक्रवार को पूजा-अर्चना की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गृह मंत्री अपनी पत्नी सोनल शाह के साथ सुबह करीब आठ बजे मंदिर परिसर में पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग आधे घंटे तक पूजा-अर्चना की। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया मंदिर के पुजारियों ने शाह को आशीर्वाद दिया और उन्हें डायरी, आयुर्वेदिक उत्पाद, लड्डू और अन्य चीजें उपहार में दीं। शाह ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के पुदुक्कोट्टई में कोट्टई भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना की थी।

# लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 57 सीट पर आज होगा मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

- इस चरण में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, पंजाब की सभी 13 और हिमाचल प्रदेश की चार, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की तीन लोकसभा सीट पर मतदान होगा।
- ओडिशा की शेष 42 विधानसभा सीट के वास्ते चुनाव और हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी इसी के साथ होंगे।
- मतगणना चार जून को होगी।

**वाराणसी/चंडीगढ़/भाषा।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और सात राज्यों की 57 सीट पर मतदान होगा। इस चरण में वाराणसी संसदीय क्षेत्र में भी मतदान होगा जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। इस चरण में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, पंजाब की सभी 13 और हिमाचल प्रदेश की चार, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की तीन लोकसभा सीट पर मतदान होगा।

ओडिशा की शेष 42 विधानसभा सीट के वास्ते चुनाव और हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी इसी के साथ होंगे।

चुनाव मैदान में कुल 904 प्रत्याशी मौजूद हैं। इनमें शामिल प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती और अभिनेत्री कंगना रनौत हैं।

इस चरण में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिलाएं और 3,574 'थर्ड जेंडर' मतदाताओं सहित 10.06 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करने के पात्र हैं। शनिवार को होने वाले मतदान के साथ ही 19 अप्रैल से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया समाप्त हो जायेगी। अब तक 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 486 लोकसभा सीट के लिए मतदान हो चुका है। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभाओं के लिए भी मतदान हुआ। मतगणना चार जून को होगी।

निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, टेलीविजन चैनल और समाचार संस्थान एक जून को शाम साढ़े छह बजे के बाद 'एग्जिट पोल' के आंकड़े और उसके नतीजे प्रसारित कर सकेंगे।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदानकर्मियों के दलों को ईवीएम और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों पर भेज दिया गया है।

# इजराइली कंपनी की ओर से भारतीय चुनावों में हस्तक्षेप करने के प्रयास को रोका गया : ओपनएआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** चैटजीपीटी के निर्माता 'ओपनएआई' ने कहा है कि उसने भारतीय चुनावों पर केंद्रित गुप्त अभियानों में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) के भ्रामक इस्तेमाल को रोकने के लिए 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप इसका इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई।

'ओपनएआई' ने अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में कहा कि इजराइल की एक राजनीतिक अभियान प्रबंधन फर्म 'एसटीओओआईसी' ने गाजा संघर्ष के साथ-साथ भारतीय चुनावों पर भी कुछ सामग्री तैयार की। इसमें कहा गया है, ''मई में, नेटवर्क ने भारत पर केंद्रित टिप्पणियां तैयार करना शुरू कर दिया, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना और विपक्षी कांग्रेस पार्टी की प्रशंसा की गई।''

रिपोर्ट में कहा गया है, ''हमने मई में भारतीय चुनावों से संबंधित कुछ गतिविधियों को शुरू होने के 24 घंटे से भी कम समय में बाधित कर दिया था।'' 'ओपनएआई' ने कहा कि उसने इजराइल से संचालित खातों के एक समूह पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिनका इस्तेमाल एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, अन्य वेबसाइट और यूट्यूब तक फैले एक प्रभावशाली अभियान के लिए सामग्री बनाने और संपादित करने के वास्ते किया जा रहा था।

इसने कहा, ''इस अभियान के जरिये कनाडा, अमेरिका और इजराइल के लोगों को अंग्रेजी और हिब्रू भाषा में सामग्री के माध्यम से लक्षित किया गया। मई की शुरुआत में, इसने अंग्रेजी भाषा की सामग्री के माध्यम से भारत के लोगों को लक्षित करना शुरू कर दिया।''

# भारत ने ब्रिटेन से 100 टन सोना घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया

**मुंबई/भाषा।** भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में रखे अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में देश के कुल स्वर्ण भंडार में 27.46 टन की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 822 टन हो गया।

सूत्रों ने कहा कि सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेश में जमा है। अन्य देशों की तरह भारत का सोना भी बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास जमा है।

भारत में 100 टन सोना वापस आने से स्थानीय स्तर पर संग्रहीत सोने की कुल मात्रा बढ़कर 408 टन से अधिक हो गई है। इसका अर्थ है कि स्थानीय और विदेशी होल्डिंग अब लगभग बराबर है।

केंद्रीय बैंक की बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 में जारी किए गए नोटों के बदले स्थानीय स्तर पर 308 टन से अधिक सोना रखा गया है। इसके अलावा 100.28 टन सोना स्थानीय स्तर पर बैंकिंग विभाग की संपत्ति के रूप में रखा गया है। कुल स्वर्ण भंडार में से 413.79 टन सोना विदेशों में रखा गया है।

# गंगोत्री राजमार्ग पर पत्थर गिरने से एक श्रद्धालु की मौत, आठ घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डबरानी के पास शुक्रवार को पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आकर एक श्रद्धालु की मौत हो गयी तथा आठ अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से छह घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्षिल ले जाया गया है जबकि दो अन्य घायलों को जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट के निर्देश पर पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राजस्व विभाग व आपदा प्रबंधन की 'क्विक रिस्पांस टीम' मौके पर पहुंचीं तथा बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया। एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी, लेकिन उस व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पायी है। पहाड़ी से गिरे पत्थरों के कारण सड़क के नीचे की तरफ दीवार निर्माण में लगे सीमा सड़क संगठन का एक ट्रक, एक जेसीबी मशीन, पानी का एक टैंकर, एक निजी बोलेरो वाहन, एक बाइक और एक कार (मारुति 800) भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटनास्थल पर पत्थर गिरने का सिलसिला अब भी रुक-रुक कर जारी है जिसे देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ वाहनों को धीरे-धीरे रवाना किया जा रहा है। दुर्घटना में घायल होने वालों में दो परिवारों के आठ सदस्य शामिल हैं। एक परिवार देहरादून के कालसी का रहने वाला है जिसके सदस्यों की पहचान सुभाष वोनियाल (40), उनकी पत्नी बीना (38) तथा उनके पुत्रों दिव्यांशु (18) और हिमांशु (16) के रूप में हुई है। हादसे में घायल दूसरे परिवार के सदस्यों की पहचान उप्र के मुजफ्फरनगर निवासी नितेश (40), उनकी पत्नी मीरा (35) और उनकी पुत्रियों विशाखा (25) और राधा (16) के रूप में हुई है।

# भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर विरोध मार्च निकाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के मध्य भाग में स्थित शहीदी पार्क से सचिवालय की ओर विरोध मार्च निकाला।

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां ले रखी थीं और उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। दिल्ली यातायात पुलिस ने एक परामर्श जारी कर यात्रियों से इस मार्ग पर जाने से बचने को कहा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर दिल्ली यातायात पुलिस ने कहा, दिल्ली में

बहादुर शाह ज़फर मार्ग (बीएसजेड मार्ग) पर स्थित शहीदी पार्क के पास एक राजनीतिक पार्टी द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर, बीएसजेड मार्ग, आईपी मार्ग पर यातायात अधिक रहेगा और बीएसजेड मार्ग सुबह 11.15 बजे से दोपहर दो बजे के बीच यातायात के लिए बंद हो सकता है। कृपया इन सड़कों पर जाने से बचें और तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं। बृहस्पतिवार को भाजपा की महिला मोर्चा इकाई की पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर दिल्ली की मंत्री आतिशी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था ।



# केंद्र सुनिश्चित करे उत्तर प्रदेश, हरियाणा से दिल्ली को अतिरिक्त पानी मिले : आतिशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने केंद्र से अनुरोध किया है कि वह राष्ट्रीय राजधानी में ''जबरदस्त जल संकट'' से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश या हरियाणा से अतिरिक्त पानी जारी किया जाना सुनिश्चित करे। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लिखे पत्र में आतिशी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वजीराबाद बैराज के जल स्तर में भारी गिरावट आई है, क्योंकि हरियाणा यमुना में आवश्यक मात्रा में पानी नहीं छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसका नतीजा यह हुआ कि राष्ट्रीय राजधानी में बड़े पैमाने पर जल संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा, ''भीषण गर्मी के कारण पानी की मांग और बढ़ गई है, जिससे दिल्ली में पेयजल की आपूर्ति श्रृंखला पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।'' आतिशी ने बृहस्पतिवार को वजीराबाद बैराज का दौरा किया और उन्होंने पाया कि तालाब का जल स्तर 670.3 फुट था जबकि सामान्य जल स्तर 674.50 फुट होता है। उन्होंने कहा कि इस कमी का दिल्ली में जल शोधन संयंत्रों की जल उत्पादन क्षमता पर गंभीर प्रभाव है।

आतिशी ने 30 मई को भेजे अपने पत्र में कहा, ''मैं यह पत्र राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में उत्पन्न जबरदस्त जल संकट की स्थिति पर आपका ध्यान दिलाने के लिए लिख रही हूं। जैसा कि आप जानते हैं, दिल्ली पानी की अपनी दैनिक मांग को पूरा करने के लिए यमुना नदी के जल पर बहुत अधिक निर्भर है।'' उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा द्वारा पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया तो दिल्ली के जल शोधन संयंत्र ठीक से काम नहीं कर पाएंगे।

आतिशी ने कहा, ''और यदि जल शोधन संयंत्र बेहतर ढंग से काम नहीं करेंगे, तो दिल्ली अपनी मांग-आपूर्ति के अंतर को पूरा नहीं कर पाएगी। इसका राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों पर गंभीर और सीधा प्रभाव पड़ेगा। मैंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को इस मुद्दे से अवगत कराने के लिए पत्र लिखा है। हमें हालांकि अभी तक उनके कार्यालय से कोई जवाब नहीं मिला है।''

# केनरा बैंक ने अपने जीवन बीमा उद्यम में 14.5% हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने अपने जीवन बीमा उद्यम 'केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी' में 14.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है।

केनरा बैंक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि बैंक आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिये जीवन बीमा कंपनी को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध करके अपनी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहा है।

हालांकि यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक और वित्तीय सेवा विभाग की मंजूरी के अधीन है। निर्गम का आकार, निर्गम लाने का उपयुक्त समय और निर्गम के तौर-तरीकों पर समय के हिसाब से फैसला किया जाएगा।

इस जीवन बीमा कंपनी में केनरा बैंक के पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि विदेशी साझेदार के रूप में एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया पैसिफिक) होल्डिंग्स लिमिटेड के पास 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

तीसरे साझेदार पंजाब नेशनल बैंक के पास इस कंपनी की 23 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

इसके साथ ही केनरा बैंक ने अपनी म्यूचुअल फंड अनुषंगी केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी (सीआरएएमसी) का भी निर्गम लाकर 13 प्रतिशत इक्विटी शेयर बेचने की योजना बनाई है।

केनरा बैंक ने पिछले दिसंबर में अपनी म्यूचुअल फंड अनुषंगी को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी थी।

# अमित शाह ने अग्निकांड के बाद राजकोट के अधिकारियों के साथ बैठक की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजकोट/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'गेम जोन' अग्निकांड के सिलसिले में शुक्रवार को नगर निकाय और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यहां एक बैठक की। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

शाह ने सोमनाथ रवाना होने से पहले शाम में राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संक्षिप्त अवधि के लिए रुकने के दौरान अधिकारियों से मुलाकात की। केंद्रीय गृह मंत्री ने शहर के टीआरपी गेम जोन में 25 मई को आग लगने की घटना के बाद की गई कार्रवाई का जायजा लिया। हादसे में 27 लोगों की मौत हुई थी।

बैठक में राजकोट नगर निगम आयुक्त डी पी देसाई, पुलिस आयुक्त ब्रजेश कुमार झा और जिलाधिकारी प्रभव जोशी शामिल हुए।

सूत्रों ने बताया कि बैठक करीब 40 मिनट तक चली।

बृहस्पतिवार को, नगर नियोजन अधिकारी एम डी सगाथिया और तीन अन्य को घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। गुजरात भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो ने भी इन अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की है।

इससे पहले, पुलिस ने बिना आवश्यक अनुमति के संचालित किये जा रहे टीआरपी गेम जोन के प्रबंधक और चार मालिकों को गिरफ्तार किया था।

# जम्मू में कई वनों, शहरी इलाकों में आग

**जम्मू/भाषा।** जम्मू कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में कई वनों और शहरी इलाकों में आग लगने से बड़ी संख्या में पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग राजौरी, सांबा, रियासी और उधमपुर जिलों के कई स्थानों में तथा जम्मू के शहरी इलाकों में लगी और इससे बड़े पैमाने पर वृक्ष और अन्य वन संपदा नष्ट हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सांबा में आग चिलाडांगा, नुंद और पुरंदरे इलाकों में लगी और वन अधिकारी तथा स्थानीय निवासी आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

उधमपुर जिले के राख, नेहरा नाल और क्रिमची के वन क्षेत्रों में भी आग लगने की सूचना है और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि रियासी जिले में वन में आग की कई घटनाएं हुईं जिससे पूरे क्षेत्र में वन अग्नि को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। तापमान में वृद्धि और शुष्क परिस्थितियों के कारण जम्मू कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने आने वाले सप्ताह में वन में आग लगने के घोर खतरे की चेतावनी जारी की है। अधिकारी आग से निपटने के लिए ड्रोन तथा अन्य संसाधन जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जटिल भूभाग, उच्च तापमान और शुष्क परिस्थितियों के कारण आग बुझाने के काम में मुश्किलें आ रही हैं। राजौरी जिले के नौशेरा उप-मंडल में जंगल की आग से काफी नुकसान हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शुष्क मौसम और भीषण गर्मी जैसी स्थितियां आग को बढ़ा रही हैं। वन अधिकारी ने रोकथाम की महत्वपूर्ण भूमिका पर बातचीत की। आग बुझाने के लिए मंडल के सभी 11 ब्लॉक में पांच निगरानीकर्ता तैनात किए गए हैं। उन्होंने आग लगने के पीछे मानवीय कारणों का हवाला देते हुए जनता से वन क्षेत्रों से दूर रहने, विशेषकर सिगरेट तथा आग लगने के स्रोतों के इस्तेमाल से बचने की अपील की। उधर जम्मू में सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में खड़े एक पुराने ट्रक में आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि दमकल विभाग के टैंकरों ने तत्काल आग बुझा दी।

# कृत्रिम मेधा को असली काबिलियत पर हावी नहीं होने देना है: नकवी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि 'कृत्रिम मेधा' (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) को 'असली काबिलियत-कौशल' पर हावी होने से बचाने की जरूरत है।

नकवी ने यहां 'अंतरराष्ट्रीय सर्कस महोत्सव' में यह भी कहा कि ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस'' की प्रौद्योगिकी असली काबिलियत को बंधक नहीं बना सकती। उन्होंने कहा, ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माहौल में कला, काबिलियत और कौशल से इसका सीधा मुकाबला है। हमें 'कृत्रिम मेधा' (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) को 'असली काबिलियत-कौशल' पर हावी होने से बचाना है।''

नकवी ने यह भी कहा कि सर्कस कला को प्रोत्साहन वक्त की जरूरत है, ताकि यह कला फिर से ऊंचाइयों को छू सके।

## मप्र नर्सिंग कॉलेज घोटाला

# अदालत ने क्लीन चिट प्राप्त 169 संस्थानों के पुन:निरीक्षण का निर्देश दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जबलपुर/भाषा।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 169 नर्सिंग कॉलेजों का पुन: निरीक्षण करने का निर्देश दिया है।

इन कॉलेजों को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने घोटाले के मामले में 'क्लीन चिट' दे दी थी। जांच एजेंसी के दो अधिकारियों को संस्थानों से अनुकूल रिपोर्ट के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के मद्देनजर यह आदेश दिया गया है।

उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति को जमीनी हकीकत का आकलन करने और अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने के लिए अपर्याप्त बुनियादी ढांचे वाले नर्सिंग कॉलेजों और अस्पतालों का दौरा करने का निर्देश दिया।

सीबीआई कई नर्सिंग कॉलेजों के कामकाज में घोर अनियमितताओं से संबंधित घोटाले की जांच कर रही है। इनमें से कई कॉलेज में बुनियादी ढांचे का अभाव है, तो कुछ नर्सिंग कॉलेज केवल कागजों पर ही मौजूद हैं।

केंद्रीय एजेंसी ने निरीक्षण के बाद अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए संस्थानों से कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोप में अपने दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता विधि छात्र संघ द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। इस आवेदन में 169 नर्सिंग कॉलेजों को दी गई क्लीन चिट की नए सिरे से जांच की मांग की गई थी।

इसमें कहा गया था कि हाल ही में केंद्रीय एजेंसी के दो अधिकारी कॉलेजों से रिश्वत लेते पकड़े गए थे।

# एयर इंडिया की दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को उड़ान में हुई अत्यधिक देरी, यात्रियों ने लगाए परेशानी के आरोप

**नई दिल्ली/भाषा।** सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों को बृहस्पतिवार शाम दिल्ली हवाई अड्डे पर परेशानी का सामना करना पड़ा और विमान में वातानुकूलन नहीं होने के कारण कुछ यात्रियों को चक्कर आ गया।

एक यात्री के अनुसार, एआई-183 उड़ान के यात्रियों को एयरोब्रिज पर करीब एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। एयलाइन के एक अधिकारी के अनुसार, दो सौ यात्रियों को ले जाने वाली एआई-183 उड़ान को बृहस्पतिवार को साढ़े तीन बजे रवाना होना था लेकिन छह घंटे देरी होने के बाद उसका समय बदल दिया गया है और अब वह उड़ान शुक्रवार को दोपहर बाद उड़ान भरेगी। इस उड़ान के कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इस देरी को लेकर शिकायत की। यात्री शिपा जैन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि पहले तो तकनीकी खराबी के कारण विमान को बदला गया और यात्रियों को दूसरे विमान में चढ़ाया गया, जिसमें वातानुकूलन काम नहीं कर रहा था और परिणामस्वरूप विमान में सवार कुछ लोग बेहोश हो गए।

# बर्मन के खिलाफ कुछ भी व्यक्तिगत नहीं, रेलिगेयर के हित में हो रहा काम : सलूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) की चेयरपर्सन रश्मि सलूजा ने शुक्रवार को कहा कि बर्मन परिवार के खिलाफ उनकी कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं है। बर्मन परिवार का वित्तीय सेवा कंपनी के नियंत्रण को लेकर प्रबंधन के साथ विवाद जारी है।

बर्मन परिवार की चार इकाइयों- एमबी फिनमार्ट, पूरन एसोसिएट्स, वीआईसी एंटरप्राइजेज और मिल्की इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से आरईएल में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बर्मन ने 25 सितंबर 2023 को सार्वजनिक शेयरधारकों से 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए खुली पेशकश की घोषणा की थी। करीब 2,116 करोड़ रुपये की खुली पेशकश की योजना को लेकर आरईएल प्रबंधन और बर्मन के बीच विवाद खड़ा हो गया था। खुली पेशकश की बोली के तुरंत बाद बर्मन ने पूंजी बाजार नियामक सेबी से चेयरपर्सन द्वारा भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन और अपनी पसंद के निदेशक मंडल की नियुक्ति की शिकायत की थी।

सभी आरोपों का खंडन करते हुए सलूजा ने कहा, ''पिछले छह वर्षों से बर्मन सहित सभी शेयरधारकों के साथ हमारे शानदार संबंध रहे हैं। उन्होंने कंपनी में केवल प्रगति और पिछले छह वर्षों में प्रबंधन के काम करने के तरीके को देखते हुए निवेश किया है।''

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उन्हें संगठन के हित में समाधान ढूंढने में बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा, ''यह पूरी तरह से निदेशक मंडल द्वारा उठाई गई चिंताओं पर आधारित होगा, जिसे अन्य के समक्ष रखा जाना चाहिए... आगे जो भी फैसला होगा वह संगठन के हित में होगा। हम चाहते हैं कि शेयर की कीमत बढ़े, हम चाहते हैं कि कल ही मूल्य का पता चल जाए।''

# भारत की जीडीपी इस साल 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान: मूडीज

**नई दिल्ली/भाषा।** मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी। सरकार के सशक्त पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों के दम पर यह संभव हो पाया। मूडीज ने 'वैश्विक व्यापक-आर्थिक परिदृश्य 2024-25' में कहा, ''हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को आसानी से छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ना चाहिए। हम इस साल करीब 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं।'' रेटिंग एजेंसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीति निरंतरता होने के साथ मजबूत, व्यापक-आधारित वृद्धि को बनाए रखा जा सकेगा। मूडीज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 11.1 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय आवंटन का लक्ष्य रखा गया है, जो 2023-24 के अनुमान से 16.9 प्रतिशत अधिक है।

# 'सस्ती' दर पर सोना खरीदने के चक्कर में फंसी महिला, गंवाए 28 लाख रुपये

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई की पुलिस ने 'सस्ती' दर पर सोना दिलाने का झांसा देकर एक महिला से करीब 28 लाख रुपये लूटने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नेरूल की 36 वर्षीय एक महिला ने अपनी शिकायत ने कहा है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में से एक ने उससे संपर्क किया और दावा किया कि वह उसे 27.81 लाख रुपये में आधा किलो सोना दिला सकता है जो बाजार मूल्य से कम दर है। शिकायत के अनुसार वह व्यक्ति 18 मई को शिकायतकर्ता को सौदे के लिए कार से सानपाड़ा स्टेशन ले गया, जहां कुछ लोग पहुंचे और उन्होंने उसे (महिला को) धमकाया एवं उसका पैसों से भरा बैग छीन लिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब उसका बैग छीना गया तब वह व्यक्ति और कार में उसके साथ आये एक अन्य व्यक्ति मौके से भाग गये।

# अडाणी पोर्ट्स ने दार एस सलाम बंदरगाह पर टर्मिनल परिचालन के लिए समझौता किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अडाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया के दार-एस-सलाम बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल-2 के परिचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया बंदरगाह प्राधिकरण के साथ 30 साल के रियायती समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

दार-एस-सलाम बंदरगाह एक प्रवेश द्वार बंदरगाह है और यह सड़क व रेलवे के एक अच्छी तरह से जुड़े नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। इस समझौते के साथ अडाणी पोर्ट्स ने तंजानिया में कदम रख लिया है। एपीएसईजेड ने शुक्रवार को बयान में कहा कि अडानी पोर्ट्स के नेतृत्व वाला समूह तंजानिया में परियोजना कंपनी का 3.95 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण करेगा, जिसमें सभी बंदरगाह हैंडलिंग उपकरण और कर्मचारी हैं।

बयान के अनुसार, ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईएजीएल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में शामिल किया गया है। एपीएसईजेड नियंत्रक शेयरधारक होगा और ईएजीएल को अपने खातों में समेकित करेगा। बयान के अनुसार, ईएजीएल ने तंजानिया इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल सर्विसेज लि.(टीआईसीटीएस) में 95 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए हचिसन पोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (और इसकी सहयोगी हचिसन पोर्ट इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड) और हार्बर्स इन्वेस्टमेंट लिमिटेड से 3.95 करोड़ डॉलर के खरीद मूल्य पर शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया, टीआईसीटीएस के पास वर्तमान में सभी बंदरगाह हैंडलिंग उपकरण हैं और वह लोगों को रोजगार देती है। एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अडाणी ने कहा कि दार-एस-सलाम बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल-2 के लिए समझौते पर हस्ताक्षर एपीएसईज़ेड की 2030 तक वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े बंदरगाह संचालकों में से एक बनने की महत्वाकांक्षा की दिशा में है।

# प्लेटफॉर्म के विस्तार कार्य से मध्य रेलवे की सेवाएं 63 घंटे बाधित रहेंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** ठाणे में प्लेटफॉर्म को चौड़ा करने के लिए 63 घंटे का 'ब्लॉक' लगाया गया है जिसके कारण शुक्रवार सुबह मध्य रेलवे की उपनगरीय सेवाओं के यात्रियों को देरी और भीड़ का सामना करना पड़ा।

'ब्लॉक' से आशय अवसंरचना संबंधी निर्माण कार्य से है जिसके तहत ट्रैक पर आवाजाही रोक दी जाती है या वैकल्पिक मार्ग या प्लेटफॉर्म से ट्रेनों को गुजारा जाता है। बृहस्पतिवार आधी रात से शुरू हुए इस निर्माण कार्य ने मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य गलियारे पर उपनगरीय सेवाओं को प्रभावित किया है, जिससे कार्यालय जाने वाले लाखों लोगों को असुविधा हुई।

एक अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में सभी सार्वजनिक सेवा वाहनों को मध्य रेलवे की सेवाएं बाधित रहने के दौरान छह से अधिक लोगों को बैठाने (स्टेज कैरिज) की अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने सेवाएं बाधित होने के 12 घंटे बाद दोपहर में एक अधिसूचना जारी कर बताया कि बसों, टैक्सियों और ऑटो रिक्शा समेत सार्वजनिक सेवा वाहनों को किसी भी स्थान से यात्रियों को बैठाने की अनुमति दी गई है।

अधिकारी ने कहा कि सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 66 के तहत अनुमति दी है।





# वन विभाग ने बीमार हथिनी को बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** यहां से 11 किलोमीटर दूर स्थित मारुथमलाई के जंगली क्षेत्र में एक बीमार जंगली हथिनी वन विभाग के कर्मचारियों को मिली। उसके साथ उसका तीन माह का छोटा बच्चा भी थी।

प्रदेश वन और एनवायरनमेंट स्पेशल सचिव सुप्रिया साहू ने बताया कि वन विभाग की एक टीम के अथक प्रयासों से एक बीमार जंगली हथिनी को वापस होश में लाया गया। टीम को यहां एक हथिनी सात घंटे से लेटी हुई अवस्था में पड़ी मिली। उसके आसपास उसका तीन माह का बच्चा बैचेन घूम रहा था। हथिनी उठ नहीं पा रही थी। यह स्थिति को देखकर किसी भी भी दिल पसीज जाएगा। टीम ने एक क्रेन की मदद से हथिनी को उठाया और उसे खड़ा किया। पानी और अन्य खाद्य सामग्री दी गई। हथिनी के खड़ा होने पर उसके बच्चे ने दूध भी पिया। दोनों स्वस्थ हैं। लेकिन उनके स्वास्थ्य का ध्यान अभी वन विभाग को रखना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि वन विभाग के सीएफ राम सुब्रमण्यम, डीएफओ जयराज, पशु चिकित्सक डॉ. सुकुमार, डॉ. राजेश और डॉ. प्रियंका, रेंज अधिकारी अरुण और थिरुमुरुगन आदि के काम पर हम सभी को गर्व है।

## आरए आनंद ने नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक का पदभार संभाला



**चेन्नई।** नाबार्ड के तमिलनाडु क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी के रूप में आर. आनन्द कार्यभार संभालेंगे। तमिलनाडु क्षेत्रीय कार्यालय तमिलनाडु राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में संचालित होता है। तमिलनाडु से आने वाले आर आनंद को विकास बैंकिंग में 30 वर्षों का अनुभव है। टीएनएयू, कोयंबटूर के कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज से कृषि इंजीनियर, नाबार्ड में शामिल होने से पहले कृषि इंजीनियरिंग विभाग में काम कर चुके हैं। आर आनंद वर्ष 1993 में महाराष्ट्र राज्य में नाबार्ड में शामिल हुए और ओडिशा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और मुंबई में मुख्यालय में विभिन्न पदों पर काम किया।

उन्होंने नाबार्ड में कृषि क्षेत्र/गैर-कृषि क्षेत्र विकास, ग्रामीण अवसंरचना, पुनर्वित्त, सहकारी समितियों के संस्थागत विकास जैसे क्षेत्रों में वरिष्ठ पदों पर विविध विभागों का कार्यभार संभाला है। उन्होंने नाबार्ड, पुदुकोट्टई के जिला विकास प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया है और जिले में ग्रामीण आजीविका, वाटरशेड विकास, कौशल विकास आदि जैसी कई पहलों का नेतृत्व किया है। वर्तमान पद पर श्री आर. आनंद का ध्यान किसान कल्याण, एफपीओ, कृषि तकनीक, सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के समग्र विकास के लिए कृषि ऋण को बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा।

# फेडरल बैंक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने की रणनीतिक साझेदारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चेन्नई/नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक ने टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के साथ रणनीतिक साझेदारी की है।

इस रणनीतिक साझेदारी का मकसद फेडरल बैंक के ग्राहकों को टाटा एआईए लाइफ के विभिन्न बीमा उत्पादों को उपलब्ध कराना है। दोनों कंपनियों ने शुक्रवार को एक साझा बयान में कहा, फेडरल बैंक के पास बड़ा नेटवर्क है, जो टाटा एआईए को व्यापक स्तर पर ग्राहकों तक पहुंचने में मदद करेगा...वहीं फेडरल बैंक के ग्राहक टाटा एआईए की टर्म इंश्योरेंस, बचत से जुड़ी योजनाएं समेत विभिन्न बीमा उत्पाद आसानी से ले सकेंगे।

फेडरल बैंक की कार्यकारी निदेशक शालिनी वारियर ने कहा, बैंकएश्योरेंस के लिए टाटा एआईआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के साथ रणनीतिक साझेदारी का मकसद हमारे ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम बीमा योजनाएं लाना है।

उन्होंने कहा, ...भारतीय उपभोक्ताओं के बीच बीमा योजनाओं की पहुंच दर बहुत कम है। इस साझेदारी के जरिए बैंक का लक्ष्य अपने ग्राहकों के लिए वित्तीय सुरक्षा और धन प्रबंधन अनुशासन को बढ़ाना है। टाटा एआईआई लाइफ इंश्योरेंस के बैंकएश्योरेंस' विभाग के मुख्य वितरण अधिकारी रमेश विश्वनाथन ने कहा, यह सहयोग हमें बैंक के ग्राहकों को हमारे विविध बीमा योजना विकल्प प्रदान करने में सक्षम करेगा...।

# निम्हांस को नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मान



**बेंगलूरु।** निमहंस को विश्व स्वास्थ्य संगठन से स्वास्थ्य संवर्धन 2024 के लिए प्रतिष्ठित नेल्सन मंडेला पुरस्कार प्राप्त हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने निम्हांस को बधाई दी और कहा कि यह स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में समावेशी होने के भारत के प्रयासों की मान्यता है। स्वास्थ्य संवर्धन के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2019 में स्थापित नेल्सन मंडेला पुरस्कार उन व्यक्तियों, संगठनों और/या सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों को मान्यता देता है जिन्होंने स्वास्थ्य संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह पुरस्कार मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए निमहंस संगठन के समर्पण और उत्कृष्ट योगदान का एक प्रमाण है, निमहंस मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में सेवा में सबसे आगे है।

निम्हांस के निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति ने कहा, हमें अपनी संगठनात्मक सफलता यात्रा के इस चरण में स्वास्थ्य संवर्धन के लिए प्रतिष्ठित नेल्सन मंडेला पुरस्कार प्राप्त करने पर बेहद गर्व है। यह पुरस्कार न केवल हमारी अतीत और वर्तमान उपलब्धियों की मान्यता है, बल्कि उस स्थायी विरासत और दृष्टि की भी मान्यता है जिसने निम्हांस को उसकी स्थापना के बाद से मार्गदर्शन किया है।

# चेन्नई में मां का दूध बेचने वाली दुकान को सील किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के माधवरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मां के दूध की बिक्री करने के आरोप में प्रोटीन पाउडर की एक दुकान को सील कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक दुकान के मालिक ने प्रोटीन पाउडर बेचने का लाइसेंस लिया था, लेकिन वह कथित तौर पर मां का दूध बेच रहा था। इस दुकान से 500 रुपये में 50 मिलीलीटर मां के दूध वाली बोतल बेची जा रही थी।

छापेमारी के दौरान शुक्रवार को दुकान से मां के दूध से भरी करीब 50 बोतलें जब्त की गईं। पिछले सप्ताह केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि माधवरम में मां का दूध बेचने के लिए स्टॉक किया गया है।

अधिकारी ने कहा, हमें बोतलों में बंद मां का दूध मिला। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छापेमारी के दौरान अधिकारियों को मां के दूध का दान करने वाले लोगों के मोबाइल फोन नंबर मिले। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा, हमने दुकान को सील कर दिया है और इस मामले में नियमों के उल्लंघन करने के लिए कार्रवाई शुरू करेंगे।

यह पहला मौका है जब चेन्नई में मां का दूध बेचा जा रहा है और यह घटना कर्नाटक में मां के दूध की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के तुरंत बाद हुई है। देश के खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 24 मई को जारी एक परामर्श में मां के दूध के अनधिकृत व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी थी। दुकान के मालिक ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि वह सेवा भावना से माताओं का दूध खरीद रहा है।



## नॉर्वे शतरंज: वैशाली ने क्रैमलिंग को हराया, प्रज्ञानानंदा हारे

**चेन्नई/स्टवांगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने स्वीडन की अनुभवी ग्रैंडमास्टर पिया क्रैमलिंग को हराकर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, लेकिन उनके भाई आर प्रज्ञानानंदा चौथे दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हार गए। वैशाली की क्लासिकल वर्ग में यह दूसरी जीत है और उन्होंने 2.5 अंक की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। इस भारतीय खिलाड़ी के कुल 8.5 अंक हो गए हैं। उनके बाद महिला विश्व चैंपियन चीन की वेनजुन जू और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

मुजिचुक ने भारत की कोनेरु हंपी को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि वेनजुन ने आर्मगेडन में अपनी हमवतन टिंगजी लेई को हराया। छह खिलाड़ियों के बीच दोहरे राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में अभी छह दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। लेई पांच अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। हंपी और क्रैमलिंग के तीन-तीन अंक हैं।

पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी फैबियानो कारूआना के को हराया। पुरुष वर्ग में इस दिन सभी मैच का परिणाम निकला। भारतीय स्टार प्रज्ञानानंदा को जहां नाकामुरा से हार का सामना करना पड़ा वहीं फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा ने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हराया। इस 1,61,000 डालर इनामी इस प्रतियोगिता में चौथे दौर के बाद नाकामुरा सात अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। वह अलीरेजा से आधा अंक आगे हैं।

कार्लसन के 6 अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा 5.5 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। कारूआना पांच अंकों के साथ पांचवें जबकि लीरेन केवल 2.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

# अदालत ने रेवन्ना को 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। बेंगलूरु की एक अदालत ने शुक्रवार को जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता एवं सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को छह जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्ज्वल को शुक्रवार तड़के जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद हासन से सांसद प्रज्ज्वल जर्मनी चले गए थे। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है।

प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) उनसे पूछताछ करेगा। एसआईटी ने मेडिकल जांच के बाद प्रज्ज्वल को अदालत में पेश किया, जिसने उन्हें सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के.एन. शिवकुमार ने रिमांड अर्जी और प्रज्ज्वल के वकील की आपत्ति पर सुनवाई के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया। एसआईटी की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक अशोक नाइक ने प्रज्ज्वल को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का अनुरोध किया।

प्रज्ज्वल के वकील अरुण जी. ने कहा कि पांच मई तक उनके मुवक्किल के खिलाफ दर्ज प्रारंभिक प्राथमिकी में बलात्कार का कोई आरोप नहीं था, ऐसे में पुलिस हिरासत की मांग नहीं की जा सकती है। नाइक ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रज्ज्वल के खिलाफ कई सबूत हैं और उन्होंने पुलिस हिरासत का अनुरोध किया। अरुण ने कहा कि पूछताछ के लिए एक दिन की पुलिस हिरासत पर्याप्त है और उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि प्रज्ज्वल को एक दिन से अधिक की रिमांड पर नहीं भेजा जाए।

# प्रज्ज्वल रेवन्ना देश लौटे, एसआईटी ने किया गिरफ्तार

## यौन उत्पीड़न मामला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना को जर्मनी से यहां पहुंचने के तुरंत बाद, मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बृहस्पतिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। जनता दल (सेक्युलर) के संरक्षक एच. डी. देवेगौड़ा के पोते और हासन लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार प्रज्ज्वल (33) पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। उनके खिलाफ अभी तक यौन उत्पीड़न के तीन मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। हासन से सांसद प्रज्ज्वल लोकसभा चुनाव के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में हुए मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को जर्मनी चले गए थे।

प्रज्ज्वल रेवन्ना बृहस्पतिवार देर रात जब विमान से बेंगलूरु हवाई अड्डे पर उतरे, तो वहां मौजूद महिला आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारियों के नेतृत्व वाला महिला पुलिसकर्मियों का एक दल उनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट की तामील करने के लिए उनका इंतजार कर रहा था। रेवन्ना को जर्मनी से यहां पहुंचने के तुरंत बाद, एसआईटी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और उनसे पूछताछ की।

कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे प्रज्ज्वल रेवन्ना को प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार किया गया और आगे की कानूनी कार्यवाही जारी रहेगी। इस बीच, प्रज्ज्वल रेवन्ना के वकील ने शुक्रवार को कहा कि सांसद प्रज्ज्वल उनके खिलाफ जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) का पूरा सहयोग कर रहे हैं और उन्होंने इस मामले में 'मीडिया ट्रायल' नहीं किए जाने का अनुरोध किया है। परमेश्वर ने कहा कि हासन से सांसद प्रज्ज्वल (33) के खिलाफ मामलों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल को इस गिरफ्तारी से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''प्रज्ज्वल रेवन्ना जर्मनी के म्यूनिख से (बृहस्पतिवार) रात 12 बजकर 40 मिनट से 12 बजकर 50 मिनट के बीच यहां पहुंचे। उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। एसआईटी ने उन्हें गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया और उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।'' उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''उनके आव्रजन कागजात को मंजूरी मिल जाने के बाद उन्हें (हवाई अड्डे से) बाहर लाया गया। उनके पास राजनयिक पासपोर्ट था इसलिए सब आसानी से हो गया। उचित प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।'' यह पूछे जाने पर कि जब प्रज्ज्वल को गिरफ्तार कर लिया गया है तो क्या सरकार अब और अधिक पीड़ितों से आगे आने की अपील करेगी, परमेश्वर ने कहा, ''हमने पहले ही कहा है कि जिन लोगों को उनके कारण परेशानी हुई है, वे आगे आएं और एसआईटी एवं पुलिस से शिकायत करें। हम उन्हें हर तरह की सुरक्षा प्रदान करेंगे।'' ऐसी खबरें हैं कि प्रज्ज्वल ने अपने फोन से सबूत नष्ट कर दिए हैं और वह दावा कर रहे हैं कि उनका फोन खो गया है। इस बारे में सवाल किए जाने पर मंत्री ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है और इस बारे में एसआईटी से भी कोई जानकारी नहीं मिली है। यह पूछे जाने पर कि क्या गिरफ्तारी में देरी हुई, गृह मंत्री ने कहा कि यदि प्रज्ज्वल देश या राज्य में होते तो उन्हें पकड़ने के लिए एक दल भेजा जा सकता था, लेकिन वह विदेश में थे इसलिए कुछ प्रक्रियाओं का पालन किया जाना था।

उन्होंने कहा, इसलिए सीबीआई के माध्यम से इंटरपोल को सूचित किया गया और उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी किया गया। इन प्रक्रियाओं का पालन किया गया। उन्होंने (प्रज्ज्वल ने) इन सभी बातों को जानने के बाद और यह सोचकर वीडियो जारी कर 31 मई को आत्मसमर्पण करने की घोषणा की कि अगर लोकसभा चुनाव के नतीजे उनके खिलाफ आए तो उनका राजनयिक पासपोर्ट वापस ले लिया जाएगा और उन्हें वापस आना पड़ेगा। अब वह आ गए हैं। इससे एसआईटी को जांच में मदद मिलेगी। एसआईटी के सूत्रों ने बताया कि प्रज्ज्वल जर्मनी के म्यूनिख से बेंगलूरु आए विमान से जैसी ही उतरे, खाकी वर्दीधारी महिलाओं ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तारी वारंट को क्रियान्वित किए जाने की प्रक्रिया के तहत उन्हें महिला पुलिसकर्मियों के दल ने घेर लिया। इस दल का नेतृत्व दो आईपीएस अधिकारियों सुमन डी पेन्नेकर और सीमा लाटकर ने किया। इसके बाद प्रज्ज्वल को एक जीप में सीआईडी कार्यालय ले जाया गया। जीप में केवल महिला पुलिसकर्मी ही थीं।

एसआईटी के एक सूत्र ने कहा, ''प्रज्ज्वल को गिरफ्तार करने के लिए सभी महिला अधिकारियों को भेजने का कदम जानबूझकर उठाया गया। इस कदम से यह संदेश गया कि जद(एस) नेता ने एक सांसद के रूप में अपने पद और शक्ति का महिलाओं के खिलाफ दुरुपयोग किया और उन्हीं महिलाओं के पास कानूनी कार्यवाही के जरिए उन्हें गिरफ्तार करने का अधिकार है।''

## जात्रा



कोप्पल के निकट हुलिगी गांव में श्री हुलिगम्मा देवी जात्रा में शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। माता का रथ निकाला गया। जात्रा में आस पास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचें।

# यमुनोत्री राजमार्ग पर बस पलटी, कर्नाटक के श्रद्धालु बाल-बाल बचे

बेंगलूरु/उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा पर आए कर्नाटक के श्रद्धालु उस समय बाल-बाल बच गए जब उन्हें लेकर जा रही बस अचानक यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलट गयी। उत्तरकाशी जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, सिलक्यारा के पास हुए हादसे के वक्त बस में 40 यात्री सवार थे। बस यात्रियों को लेकर यमुनोत्री धाम से गंगोत्री धाम जा रही थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिवादन बल, पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के कर्मचारी और स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाल लिया। हादसे में 15 श्रद्धालुओं के मामूली रूप से चोटे आयीं। उन्हें एंबुलेंस के जरिए ब्रह्मकमल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इसके बाद पलटी बस को सड़क से हटाकर मार्ग पर यातायात बहाल कर दिया गया है।

# सोशल मीडिया पर मतदाता जागरूकता में राजस्थान देशभर में अव्वल रहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सोशल मीडिया रैंकिंग में राजस्थान ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। आयोग द्वारा देशभर में सोशल मीडिया (एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब) पर मतदाता जागरूकता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर यह रैंकिंग जारी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी है। गुप्ता ने बताया कि आयोग द्वारा अप्रैल माह में सोशल मीडिया के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में राजस्थान और झारखंड ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। सीईओ राजस्थान के एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंटस पर अप्रैल में माह में करीब 11 लाख इम्प्रेशन मिले हैं। सबसे अधिक 6.83 लाख इम्प्रेशन एक्स पर मिले हैं। इस दौरान एक्स पर पोस्टिंग 240 फीसदी तक बढ़ाई गई। इम्प्रेशन भी 188 फीसदी बढ़ गए। एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंटस पर 66,700 से अधिक फॉलोवर थे और अप्रैल में इनकी संख्या 3,400 बढ़ गई।

लोकसभा आम चुनाव के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई गई। सीईओ राजस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रीजनल कंटेंट को मोटिवेशनल स्लोग्नस के साथ पोस्ट किया गया। मतदान प्रक्रिया सहित सभी अन्य आवश्यक जानकारी को मतदाताओं तक पहुंचाया गया। राज्य में मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष 'मीम' सीरीज भी चलाई गई।

सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए विशेष एसओपी बनाकर जिला स्तर तक भेजी गई। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए हैशटैग के साथ पोस्ट किए गए। इसमें सी-विजिल, वीएचए, केवाईसी, सक्षम, सुविधा एप और मतदान के लिए निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज, मतदान दिवस एवं समय सहित अन्य जागरुकता गतिविधियों से जुड़ी पोस्ट्स की गई।

गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया हैंडल्स की 500 से अधिक पोस्ट को राजस्थान के हैंडल्स पर पुनः प्रभावी तरीके से रीपोस्ट किया गया।

निर्वाचन विभाग के सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर अप्रैल माह में दोनों चरणों के मतदान के दौरान करीब 500 क्रिएटिव डिजाइन सहित लगभग 2,500 पोस्ट की गईं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सीईओ राजस्थान के हैंडल पर पोस्ट किए गए कई क्रिएटिव डिजाइन, ग्राफिक और फोटोग्राफ्स को भारत निर्वाचन आयोग के हैंडल्स ने भी रिपोस्ट किया। राज्य के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (डीआईपीआर) की सोशल मीडिया सेल ने आयोग के निर्देशों को आम मतदाता तक पहुंचाने के लिए करीब 500 क्रिएटिव, ग्राफिक, इन्फोग्राफिक, वीडियो, रील आदि तैयार किए। इसके अलावा मतदान दिवसों के दौरान आकर्षक, प्रेरणादायी और महत्वपूर्ण तस्वीरों को भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया।

राज्य में दोनों चरणों के मतदान के दौरान राज्य और जिला स्तर पर विभिन्न नवाचार किए गए। इनकी सफलता में भी सोशल मीडिया की अहम भूमिका रही। साथ ही, मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने में भी सोशल मीडिया की भी अहम भूमिका रही। राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स के लिए भारत निर्वाचन आयोग को 11 नवाचारों की सूची भेजी गई थी। इनमें हनुमानगढ़ का 'एक पाती माता पिता के नाम' और बारां का 'म्हारो हेलो' जिला स्तरीय नवाचार भी शामिल हैं।



# चुनाव परिणामों से पहले बालाजी धोकने पहुंचे मुख्यमंत्री, देश में खुशहाली की कामना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। देशभर में 4 जून को लोकसभा के परिणाम आने के बाद स्पष्ट हो जाएगा कि देश के प्रधानमंत्री पद की बागडोर किसके हाथ होगी। लेकिन इस सबसे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अन्य नेताओं के साथ मेहंदीपुर बालाजी पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी बार सत्ता वापसी की कामना कर पूजा-अर्चना की।

बालाजी मंदिर में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद थे। उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बहुत बड़े बहुमत के साथ बनने जा रही है उन्होंने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बारे में बात करते हुए कहा कि मैंने मेहंदीपुर बालाजी में भगवान से प्रार्थना की है कि इस हीट वेव से राहत मिले और देश व प्रदेश में अच्छी बारिश हो।

## मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि आम चुनाव में बहुमत लेकर भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार केंद्र में सरकार का गठन करेगी। शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ शुक्रवार को दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचे और दर्शन किए तथा विशेष पूजा-अर्चना की।

सूत्रों ने बताया कि तीनों नेता हेलीकॉप्टर से दौसा पहुंचे और मंदिर में दर्शन किए। बाद में पत्रकारों से बातचीत में शर्मा ने कहा, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। बहुत बड़े बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी जीतने वाली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश एवं प्रदेश की खुशहाली तथा अच्छी बारिश की प्रार्थना की है। मंदिर में उनके दर्शन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।



# 'इंडिया स्किल्स' प्रतियोगिता में राजस्थान के प्रतिभागियों ने जीते 19 मेडल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। गत दिनों दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कौशल प्रतियोगिता 'इंडिया स्किल्स 2023-24' में विभिन्न श्रेणियों में राजस्थान के प्रतिभागियों ने 19 पदक जीते। राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के सीएमडी पीसी किशन ने बताया कि 'इंडिया स्किल्स' के तहत राज्य स्तर पर आयोजित कौशल प्रतियोगिता के विजेता 29 प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड, 5 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज और 9 'मेडल ऑफ एक्सीलेंस' जीते। केमिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी में पिलानी के श्रेयांश शर्मा एवं वूवन फैब्रिक डिजाइन डेवलपमेंट में जोधपुर की पारुल ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। इन विजेताओं को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने कौशल प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

पीसी किशन ने बताया कि सीएनसी मिलिंग में जयपुर के विपुल महेश्वरी, हेयरड्रेसिंग में नागौर की कविता शर्मा, ज्वेलरी में जयपुर के मनीष खुदिया एवं लॉजिस्टिक्स एंड फ्रेट फॉरवर्डिंग में निष्ठा चौहान ने सिल्वर मेडल जीता। इसी प्रकार ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी में चूरू जिले के लंकेश सैनी, वेब टेक्नोलॉजीज में कार्तिक प्रजापत एवं योगा में बूंदी के प्रांशु गहलोत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने बताया कि बेकरी में जयपुर की मोनिमा पुरी, क्लाउड कंप्यूटिंग में जोधपुर के दीपक गंगवानी, कुकिंग में जयपुर के जस्मीत मेहता, साइबर सिक्योरिटी में जोधपुर के कपिल इनानिया, इलेक्ट्रॉनिक्स में जोधपुर के हर्षवर्धन गहलोत, इनफॉर्मेशन नेटवर्क कैबलिंग में जयपुर के शुभम कुमावत एवं रिन्यूएबल एनर्जी में नागौर के मोहम्मद साजिद ने 'मेडल ऑफ एक्सीलेंस' जीता।

# दसवीं के छात्र ने नहर में कूदकर आत्महत्या की

जयपुर। राजस्थान के बीकानेर जिले में 15 साल के एक छात्र ने नहर में कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि राजस्थान बोर्ड ने 10वीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित किए। इसमें वाहिद की द्वितीय श्रेणी आई और तब से वह अवसाद में था। वह बुधवार को परिणाम आने के बाद वह लापता हो गया था।

पुलिस के अनुसार, तलाश कर रहे परिजनों को बृहस्पतिवार को मोखमपुरा गांव में इंदिरा गांधी नहर के पास उसकी चप्पल दिखीं। तलाशी अभियान चलाया गया और रात में नहर से शव बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि उम्मीद से कम रिजल्ट आने के कारण वाहिद ने यह कदम उठाया।

# गर्मी से मौत के आंकड़ों को छिपा रही ही भाजपा सरकार : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भीषण गर्मी से होने वाली मौतों को लेकर शुक्रवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह आंकड़ों को छिपा रही है। डोटासरा ने एक वीडियो बयान में कहा, 'भीषण गर्मी और लू के प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही भाजपा सरकार अब उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मृतकों को मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के आंकड़े छिपाने का पाप कर रही है।'

डोटासरा के अनुसार, ''एसएमएस अस्पताल जयपुर से चौंकाने वाली सूचना है, जहां लू से मौत के बाद करीब 40 अज्ञात लोगों के शव वहां के शवगृह में हैं, हर दिन करीब 20-25 अज्ञात लोगों के शव लगातार शवगृह में आ रहे हैं।'' डोटासरा ने कहा, लेकिन सरकार मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के अलग-अलग कारण बताकर तीन दिन के भीतर पोस्टमार्टम करके मामलों को निपटा रही है। जबकि अज्ञात शव की शिनाख्त, पुलिस की कार्रवाई, परिवार को ढूंढने और समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करने की प्रक्रिया में करीब सात दिन लग जाते हैं, जिसके पश्चात 'शव का निस्तारण' किया जाता है। कांग्रेस नेता के अनुसार, ''ये आंकड़े सिर्फ एसएमएस अस्पताल के हैं, पूरे प्रदेश के हालात भयावह एवं चिंताजनक है।

# विधायक के ड्राइवर से हेड कांस्टेबल ने मांगे 200 रुपए, की मारपीट, विधायक बैठी धरने पर

बयाना(भरतपुर)। शक्रवार को बयाना कोतवाली में वेरिफिकेश कराने पहुंचे विधायक के ड्राइवर से हेड कांस्टेबल ने 200 रुपए मांग लिए। 200 नहीं देने पर हेड कांस्टेबल ने विधायक के ड्राइवर से मारपीट की और कोतवाली से धक्के देकर निकाल दिया। इसको लेकर विधायक कोतवाली के बाहर धरने पर बैठ गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एमएलए डॉ. ऋतु बनावत का ड्राइवर धर्मवीर बयाना कोतवाली में वेरिफिकेशन कराने गया था। कोतवाली में ड्यूटी पर मौजूद हेड कांस्टेबल राजेन्द्र ने वेरिफिकेश करने के लिए 200 रुपए की मांग की। पैसे नहीं देने पर हेड कांस्टेबल राजेन्द्र ने ड्राइवर धर्मवीर के चांटे मारे और बाल खींचकर कोतवाली से बाहर निकाल दिया।

इसकी सूचना जब विधायक ऋतु बनावत को लगी तो वो कोतवाली पहुंची और धरने पर बैठ गई।

विधायक ऋतु बनावत ने बताया कि उसका ड्राइवर धर्मवीर बयाना कोतवाली में वेरिफिकेशन कराने गया था। कोतवाली में हेड कांस्टेबल राजेन्द्र ने उसके साथ मारपीट की। ड्राइवर को चांटे मारे और बाल खींचकर कोतवाली से बाहर निकाल दिया। इसकी सूचना उन्होंने एसपी को दी है। एसपी ने कांटेबल को लाइन में भेजने के आदेश दिए है। विधायके ने कहा कि हेड कांस्टेबल को निलंबित नहीं किया जाता है तो वे फिर से धरने पर बैठेंगी। उन्होंने कहा कि जैसा राजस्थान पुलिस का स्लोगन है अपराधियों में भय और जनता में विश्वास वैसा होना चाहिए। विधायक ऋतु बनावत के धरने पर बैठने के बाद एडिशनल एसपी, सीओ एवं कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे और विधायके से समझाइश की।

# एसएमएस अस्पताल में हीटवेव प्रबंधन के लिए 74 लाख की वित्तीय स्वीकृति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। हीटवेव प्रबंधन एवं रोगियों को अस्पताल में सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में करीब 74 लाख रुपये की लागत से एसी, कूलर एवं शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाए जाएंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने इन संसाधनों को आरएमआरएस में उपलब्ध राशि से खरीद के लिए स्वीकृति प्रदान की है।

श्रीमती सिंह ने बताया कि प्रदेश में हीटवेव की प्रबलता के चलते चिकित्सा संस्थानों में समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने विगत दिनों तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आरएमआरएस में उपलब्ध राशि का युक्तिसंगत उपयोग करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सवाई मानसिंह अस्पताल में आवश्यक संसाधनों की खरीद के लिए 74 लाख 13 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि इस राशि से अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आईसीयू, ओपीडी, दवा वितरण केन्द्रों, जांच केन्द्रों, रजिस्ट्रेशन काउंटर सहित अन्य स्थानों पर 101 एयर कंडीशन, 50 डेजर्ट कूलर एवं 20 वाटर कूलर लगाए जाएंगे। इससे अस्पताल में आने वाले रोगियों एवं परिजनों को गर्मी से राहत मिल सकेगी।

# सत्ता का दोहन और जनता का शोषण ही कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य : जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने कांग्रेस के नेताओं पर झूठ बोलने में माहिर होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा की फिर सरकार आने के बाद संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने सहित कई बातों से जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया लेकिन देश और प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है और देश की सुदूर ढाणी में भी जाकर बोलोगे तो अबकी बार तो सामने से आवाज आयेगी 400 पार।

जोशी शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह बात कही। उन्होंने लोकसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत का दावा और राजस्थान में परम्परा रिपीट करने की बात करते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों में राजस्थान की जनता ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। लोकसभा चुनावों में भी राजस्थान की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है।

उन्होंने कहा कि मोदी के प्रति विश्वास पर जनता ने अपनी मोहर लगाई है। चार जून को भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होगी। उन्होंने कहा कि सत्ता का दोहन और जनता का शोषण कांग्रेस का एक मात्र उद्देश्य है। कांग्रेस ने कभी प्रदेश की चिंता नहीं की। जनता को सिर्फ वादे और नारे दिए। ईआरसीपी को लेकर प्रदेश की जनता को गुमराह किया। कोयला और बिजली खरीद में घोटाला किया बिजली के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास नहीं किया। बिजली के क्षेत्र में भाजपा सुधार करती है जिसे कांग्रेस अपने राज में बदतर कर देती है। जोशी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ईआरसीपी योजना को अमली जामा पहनाया साथ ही यमुना जल समझौता भी हुआ जिसके बारे में किसी ने सोचा नहीं था। इसके अलावा जनहित और प्रदेश हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनसे जनता को राहत मिल रही है।

## पायलट ने लोकसभा चुनाव में लगाया चुनावी सभाओं का शतक

जयपुर। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट लोकसभा चुनाव में विभिन्न प्रदेशों में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं का शतक लगाया। पायलट ने 14 राज्यों की 53 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 101 जनसभाएं की। उन्होंने राजस्थान में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में 28 जनसभाएं की। इसी तरह छत्तीसगढ़ में 26, केरल में सात, मध्य प्रदेश एवं हरियाणा में 6-6, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली एवं पंजाब में 5-5 चुनाव सभाएं की। इसके अलावा उन्होंने ओडिशा में तीन, जम्मू-कश्मीर में दो एवं आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश में 1-1 चुनाव जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान बिना रूके एवं बिना थके एक दिन में 18 घंटे तक लगातार प्रचार किया।

लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण होते ही देशभर में विभिन्न लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए पायलट की मांग रही। पायलट ने राजस्थान और अपने प्रभार राज्य सहित विभिन्न राज्यों की लोकसभा सीटों पर कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

## स्वागत



दौसा में शुक्रवार को मेंहदीपुर बालाजी महाराज की पावन धरा पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# राजस्थान में नया पश्चिमी विक्षोभ दिलाएगा भीषण गर्मी से राहत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी और हीटवेव ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। पारा लगातार 48 डिग्री के पार जा रहा है। इससे मौसम में तपन बरकरार है।

अब आने वाले 24 घंटे मरुधरा के लिए राहत भरे होने के आसार हैं। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान राजस्थान के कुछ हिस्सों में गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं, जिससे तापमान में 1-3 डिग्री गिरावट की संभवना जताई गई है। प्रदेश के अधिकांश भागों में 1 जून से हीटवेव से राहत मिलने की प्रबल संभावना जताई गई है। इसी के साथ 31 मई से 2 जून तक एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन, तेज आंधी जिसमें हवा की गति 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इसी के साथ हल्की या मध्यम बारिश होने की भी संभावना है।



वहीं, आगामी 3-4 दिन तेज सतही धूल भरी हवाएं राज्य के कुछ भागों में चलने की संभावना है। इसी के साथ बीते दिन राजस्थान के 10 जिलों में तापमान 40 के ऊपर ही पाया गया. जिसमें सबसे ज्यादा श्रीगंगानगर में 48.3 डिग्री सेल्सियस रहा. इसी के साथ पिलानी 47.6 डिग्री, चूरू 47.0 डिग्री,फलोदी और बीकानेर 46.8 डिग्री, जैसलमेर 46.1 डिग्री, जयपुर 45.3 डिग्री, जोधपुर 44.8 डिग्री, कोटा 44.5 डिग्री बाड़मेर 44.2 डिग्री रहा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेमल के कारण बारिश से प्रभावित राज्यों की स्थिति का जायजा लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चक्रवात रेमल के बाद लगातार बारिश के कारण पूर्वोत्तर के राज्यों में आई बाढ़ के मद्देनजर मौजूद स्थिति का जायजा लिया और सभी प्रभावित राज्यों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

कन्याकुमारी में ध्यान और साधना कर रहे प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र सरकार प्रभावित राज्यों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और अधिकारी जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। असम में चक्रवात रेमल के प्रभाव के चलते लगातार हुई बारिश के कारण नौ जिलों में दो लाख से अधिक लोग



प्रभावित हुए हैं। गत 28 मई से राज्य में बाढ़, बारिश और तूफान की वजह से कुल मिलाकर छह लोगों की मौत हो गई।

मेघालय के लमस्लम क्षेत्र में भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-6 का 20 मीटर हिस्सा बह जाने से बराक घाटी के कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिलों का राज्य के अन्य हिस्सों और पूर्वोत्तर क्षेत्र से सड़क संपर्क टूट गया है। मणिपुर में चक्रवात रेमल के बाद लगातार बारिश के कारण राज्य में बाढ़ से कुल 1,88,143 लोग प्रभावित हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''दुर्भाग्य से, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल को चक्रवात रेमल के बाद प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है। मेरी प्रार्थनाएं उन सभी के साथ हैं जो वहां प्रभावित हुए हैं।''

उन्होंने कहा, ''मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। केंद्र सरकार ने राज्यों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है और स्थिति की लगातार निगरानी कर रही है। प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अधिकारी जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं।''

## अमित शाह ने पूर्वोत्तर के बाढ़ प्रभावित राज्यों का जायजा लिया, हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चक्रवात 'रेमल' के कारण पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश से पैदा हुई बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

शाह ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को असम, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय और मिजोरम की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया और उन्होंने प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता भी व्यक्त की। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''असम, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय और मिजोरम में चक्रवात 'रेमल' के कारण उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं के बारे में चिंतित हूं। साथ ही प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी को स्थिति से अवगत कराया, जिन्होंने प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की।'' केंद्रीय गृह मंत्री ने पांचों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी बात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा, ''हमारी प्रार्थनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। स्थिति पर नजर रखी जा रही है और अधिकारी प्रभावितों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।'' असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने शाह से हुई बातचीत का ब्योरा देते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने उन्हें इस कठिन समय में भारत सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, ''हम उनके सक्रिय प्रयासों के लिए आभारी हैं।'' अधिकारियों ने बताया कि चक्रवात 'रेमल' के बाद लगातार बारिश के कारण पूर्वोत्तर में कई स्थानों पर बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और इससे लाखों की संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि असम में 28 मई से बाढ़, बारिश और तूफान में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। हारंगजाओ के पास एक खंड बह जाने के बाद हाफलांग-सिलचर रोड पूरी तरह से कट गया है, जबकि हाफलांग-हरांगजाओ मार्ग भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि हाफलांग-बदरपुर रेल मार्ग पर भूस्खलन के कारण रद्द की गई या कुछ ही समय के लिए रोक दी गई ट्रेन सेवाएं अभी तक बहाल नहीं हो पाई हैं।



## कांग्रेस एग्जिट पोल से संबंधित टीवी चर्चाओं में भाग नहीं लेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह एक जून को एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से संबंधित टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग नहीं लेगी, क्योंकि पार्टी टीआरपी के खेल का हिस्सा नहीं बनना चाहती।

पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक संक्षिप्त बयान में यह भी कहा कि कांग्रेस चार जून से चर्चाओं में भाग लेगी। उन्होंने कहा, ''मतदाताओं ने अपना मत दे दिया है एवं मतदान के परिणाम मशीनों में बंद हो चुके हैं। चार जून को परिणाम सबके सामने होंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नज़रों में परिणाम घोषित होने से पहले किसी भी तरह के सार्वजनिक अनुमान लगा कर घमासान में भाग ले कर टीआरपी के खेल का कोई औचित्य नहीं है।''

खेड़ा ने कहा, ''किसी भी बहस का मक़सद दर्शकों का ज्ञानवर्धन करना होता है। कांग्रेस पार्टी 4 जून से चर्चा में फिर से सहर्ष भाग लेगी।'' लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान शनिवार को संपन्न होगा। मतगणना चार जून को होगी।

## आईएसएफ समर्थकों की ओर से फेंके गए बम से टीएमसी के पांच कार्यकर्ता घायल

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगोर में इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) समर्थकों द्वारा कथित तौर पर बम फेंके जाने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कम से कम पांच कार्यकर्ता घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी।

भांगोर के इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) विधायक नवसाद सिद्दीकी ने हालांकि आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने आईएसएफ समर्थकों पर बम फेंके, लेकिन इस घटना में उनकी अपनी पार्टी के लोग घायल हो गए। भांगोर, यादवपुर लोस क्षेत्र में आता है जहां आम चुनाव के अंतिम चरण में मतदान होगा। यह घटना उस समय हुई जब तृणमूल कार्यकर्ता घर लौट रहे थे। घायल तृणमूल कार्यकर्ताओं को कोलकाता के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य के मंत्री अरूप विश्वास, यादवपुर की तृणमूल उम्मीदवार सायोनी घोष और पार्टी विधायक सौकत मुल्ला ने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। सिद्दीकी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, हार के डर से तृणमूल कांग्रेस जानबूझकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रही है और इसका दोष हम पर डाल रही है।

## 'इंडि' गठबंधन को मिलेगा स्पष्ट जनादेश : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि उसने इस लोकसभा चुनाव में अपने प्रचार अभियान के दौरान सकारात्मक एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए 'न्याय' के आधार पर वोट मांगे, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मंदिर, मटन, मंगलसूत्र और मुजरे' के नाम पर प्रचार किया और यही कारण है कि 'इंडि' गठबंधन को स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश मिलने जा रहा है।

पार्टी ने 'भाग मोदी भाग' शीर्षक वाली एक पुस्तिका भी जारी की, जिसमें उन 272 सवालों का उल्लेख है, जो उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 72 दिनों में पूछे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी तरफ से 72 दिनों में 272 सवाल प्रधानमंत्री से किए गए, लेकिन एक सवाल का जवाब नहीं मिला। कांग्रेस अपने सकारात्मक एजेंडे के साथ जनता का समर्थन हासिल करने में सफल रही। रमेश ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी का चुनाव प्रचार बहुत ही सकारात्मक था। ये 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'



का परिणाम था कि हम जनता के बीच पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' के साथ गए। कांग्रेस ने यात्रा के दौरान 23 जनवरी से 16 मार्च तक देश के सामने 5 न्याय और 25 गारंटी रखी थी। इसके माध्यम से श्रमिक न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, हिस्सेदारी न्याय, नारी न्याय की बात की गई।'' उनके अनुसार, ''इसके साथ ही हमने संविधान की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि चार जून को 'इंडि' गठबंधन को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश मिलने जा रहा है।'' उन्होंने चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग की कार्यशैली को लेकर भी सवाल खड़े किए और कहा, ''हमने 77 दिनों में चुनाव आयोग से 117 शिकायतें कीं। ये शिकायतें आचार संहिता समेत कई अन्य उल्लंघनों के बारे में थीं।

## सीताराम येचुरी ने ध्यान को लेकर प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने कन्याकुमारी के विवेकानन्द रॉक मेमोरियल में ध्यान लगा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर शुक्रवार को कटाक्ष किया।

वामपंथी नेता ने स्वामी विवेकानन्द के उस कथन का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ''उन लोगों पर दया आती है, जो अपने धर्म के विशेष अस्तित्व का सपना देखते हैं।''

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने 'एक्स' पर यह सवाल भी किया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी विश्व धर्म संसद के अंतिम सत्र में स्वामी विवेकानंद के समापन शब्दों से अवगत हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिनों के ध्यान साधना के लिए कन्याकुमारी के रॉक मेमोरियल पहुंचे हैं।



## असम की बराक घाटी में बाढ़ के कारण रेल व सड़क संपर्क बाधित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम में बराक नदी के खतरे के निशान से ऊपर बहने से बराक घाटी में रेल और सड़क संपर्क बुरी तरह प्रभावित हुआ है और सिलचर के कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गयी है। चक्रवात रेमल के फलस्वरूप भारी वर्षा होने से स्थिति बिगड़ गयी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सिलचर के तारापुर इलाके में नदी के समीप स्थित रेलवे स्टेशन पानी में डूब गया है जिससे रेलवे परिचालन काफी बाधित हो गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक प्रवक्ता के अनुसार बराक घाटी के एक महत्वपूर्ण केंद्र सिलचर से कई ट्रेन रद्द कर दी गयी हैं जबकि कई ट्रेन को गंतव्य से पहले रोक दिया गया है। उनके अनुसार सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेस और सिलचर-रांगिया एक्सप्रेस को दोनों तरफ से शुक्रवार एवं शनिवार के लिए रद्द कर दिया गया है।

प्रवक्ता ने कहा कि लुमडिंग मंडल में जुगीजान और जमुनामुख के बीच जलस्तर काफी बढ़ जाने के कारण एवं गति संबंधी प्रतिबंध के चलते छह और ट्रेन रद्द रहेंगी। उनके मुताबिक तिरूवनंतपुम सेंट्रल-सिलचर एक्सप्रेस अब गुवाहाटी तक ही आयेगी।

सियालदह -अगरतला कंचनजंघा एक्सप्रेस भी गंतव्य से पहले ही रुक जायेगी। अगरतला सिकंदराबाद स्पेशल गुवाहाटी तक ही आयेगी। दीमा हसाओ और होजाई के साथ बराक घाटी के तीन जिले--कछार, हैलाकांडी और करीमगंज पर बाढ की सबसे अधिक मार पड़ी है।

## ओड़िशा के कोरापुट में एंथ्रेक्स के तीन मामले सामने आये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोरापुट (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा के कोरापुट जिले में तीन व्यक्ति एंथ्रेक्स से संक्रमित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मंगलवार और बृहस्पतिवार के बीच लक्ष्मीपुर खंड में तीन मामले सामने आए हैं।

एंथ्रेक्स एक बीमारी होती है जो जीवाणु बैसिलस एंथ्रेसिस के कारण होती है।

कोरापुट के अतिरिक्त जिला चिकित्सा अधिकारी (रोग नियंत्रण) सत्य साई स्वरूप ने बताया, तीन लोगों में एंथ्रेक्स संक्रमण की पुष्टि हुई है। उन्हें इलाज के लिए लक्ष्मीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संदेह है कि वे एक मृत गाय के संपर्क में आए थे जो एंथ्रेक्स से संक्रमित थी।

अधिकारी के अनुसार, स्थिति का आकलन करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों की एक टीम कुटिंगा गांव भेजी गई है, जहां एंथ्रेक्स के मामले सामने आए थे।

स्वरूप ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और कोई नया मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को एंथ्रेक्स बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा, प्रभावित क्षेत्रों में सूचना, शिक्षा और संचार पहल शुरू की गई है।

घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और अगले कुछ दिनों तक स्थिति का आकलन करने के लिए गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त स्वास्थ्य अधिकारियों को तैनात किया गया है।



## दिल्ली में पानी के लिए तरस रहे लोग, लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर कर रहे घंटों इंतजार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के निवासियों को इस भीषण गर्मी में जल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई इलाकों में टैंकरों से पानी भरने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं और कई इलाकों में तो लोगों को मूलभूत जरूरतों के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है। जैसे-जैसे तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा है वैसे ही पानी की मांग काफी बढ़ गई है, जिससे कई लोग हताश और निराश हो गए हैं।

दिल्ली के कई इलाकों में लोग प्लास्टिक के कंटेनर लेकर पानी के टैंकरों का बेसब्री से इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं। गीता कॉलोनी की निवासी विभा देवी ने अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा, ''मैं पानी भरने के लिए सुबह चार बजे से कतार में खड़ी हूं, लेकिन भीड़ के कारण मैं पानी के टैंकर तक नहीं पहुंच पा रही हूं...पानी मिलना मुश्किल है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें पानी मिल पाता है, इसके जवाब में उन्होंने कहा, ''कभी-कभी हमें पानी मिल जाता है और कभी-कभी नहीं मिलता है। जब नहीं मिलता तो हमें बाहर से पानी खरीदना पड़ता है और उसका किफायती ढंग से उपयोग करना पड़ता है।''

पानी के टैंकरों की अपर्याप्त आपूर्ति के बारे में बात करते हुए एक अन्य स्थानीय निवासी गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, ''हमारे क्षेत्र में टैंकर आता तो है, लेकिन यह आधा ही भरा होता है क्योंकि उन्हें बाकी आधा पानी कहीं और पहुंचाना होता है और इस आधे टैंकर पानी के लिए हमें सुबह से ही कतार में खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता है।'' पानी के लिए निवासियों में निराशा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। उन्हें टैंकर के आते ही पानी के लिए धक्का-मुक्की करनी पड़ती है। अपनी समस्याओं के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए एक अन्य स्थानीय निवासी नीलम ने कहा, ''हमारे पास पीने के लिए भी पानी नहीं है। हर दिन लोगों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है क्योंकि हजारों लोग तीन से चार घंटे तक लाइन में इंतजार कर रहे हैं, लेकिन तब भी उन्हें पानी नहीं मिल पाता है।'' कई लोग अपने क्षेत्रों में पानी की समस्या के बारे में शिकायत करने के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा ले रहे हैं।

## विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा भारत, पर आईबीए से अब भी अलग नहीं हुआ

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिये विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया । लेकिन बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि महासंघ ने खुद को निलंबित आईबीए से अलग नहीं किया है।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है ।

सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिये जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं ।'' लेकिन पिछले साल आईबीए के उपाध्यक्ष नियुक्त किये गये सिंह ने बाद में 'ऑनलाइन' बातचीत में पत्रकारों से कहा कि भारतीय मुक्केबाज अब भी आईबीए के टूर्नामेंट में भाग लेना जारी रख सकते हैं। सिंह ने कहा, ''वास्तव में हालात यह हैं कि भारत ने खुद को आईबीए से अलग नहीं किया है और अगर हम चाहें तो आईबीए चैम्पियनशिप में भाग लेना जारी रख सकते हैं। लेकिन एक विश्व संस्था बनाना महत्वपूर्ण है जो आईओसी से जुड़ी हुई हो। '' उन्होंने कहा, ''हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट ओलंपिक है, इसके साथ ही एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल ये सभी आईओसी के दायरे में आते हैं। ''

## मतगणना के दिन भाजपा के झूठ और 'एक्जिट पोल' से सावधान-सतर्क रहें: अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से मतगणना के दिन सावधान और सक्रिय रहने की अपील करते हुए कहा कि झूठ फैलाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग आप सबका मनोबल गिराना चाहते हैं। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि आप लोग किसी भी 'भाजपाई' 'एग्जिट पोल' के बहकावे में नहीं आएं और पूरी तरह से सतर्क रहें।

सपा प्रमुख अखिलेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रत्याशियों को संबोधित एक संदेश में कहा, ''मैं आज आपसे एक बेहद जरूरी अपील कर रहा हूं। आप सब



कल (शनिवार) वोटिंग के दौरान और वोटिंग के बाद के दिनों में भी, मतगणना खत्म होने और जीत का सर्टिफिकेट मिलने तक पूरी तरह से सजग, सतर्क, सचेत और सावधान रहिएगा और किसी भी प्रकार के भाजपाई बहकावे में नहीं आइएगा।'' यादव ने अपनी इस अपील की वजह स्पष्ट करते हुए इसी संदेश में कहा, ''दरअसल ये अपील हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भाजपा वालों ने ये योजना बनायी है कि कल शाम को चुनाव खत्म होते ही, वो अपनी 'मीडिया मंडली' से विभिन्न चैनलों पर ये कहलवाना शुरू करेंगे कि भाजपा को लगभग 300 सीट मिल रही है जो कि पूरी तरह से झूठ है।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''ऐसे में आपके मन में ये सवाल उठेगा कि भाजपा को इस दो-तीन दिन का झूठ बोलने से क्या मिलेगा, जबकि 'इंडिया गठबंधन' की सरकार बनने जा रही है।''

उन्होंने मतगणना में धांधली की आशंका जताते हुए कहा कि ऐसा झूठ फैलाकर भाजपा वाले आप सबका मनोबल गिराना चाहते हैं, जिससे आपका उत्साह कम हो जाए और आप लोग मतगणना के दिन सावधान और सक्रिय न रहें, जिसका फायदा उठाते हुए भाजपा कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से मतगणना में धांधली कर सके।

यादव ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जो भाजपाई चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में अदालत द्वारा लगवाए गये कैमरों के सामने धांधली करने का बेशर्म दुस्साहस कर सकते हैं, वे चुनाव जीतने के लिए कोई भी घपला-घोटाला करने के लिए उतारू हो सकते हैं, इसीलिए ये सजगता जरूरी है।

## टी20 विश्व कप में भारतीय एकादश में यशस्वी और शिवम दोनों को मिले जगह : रैना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व आक्रामक बल्लेबाज सुरेश रैना ने टी20 विश्व कप में जीत के लिए बेखौफ बल्लेबाजी की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय टीम को अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले इस टूर्नामेंट में जीत की संभावना को बढ़ाने के लिए यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को अंतिम एकादश में जगह देना चाहिये।

खब्बू बल्लेबाज रैना ने शुक्रवार को यहां कहा कि अमेरिका और वेस्टइंडीज की धीमी पिचों पर विराट कोहली टीम के लिए तीसरे क्रम पर




बल्लेबाजी करते हुए ज्यादा कारगर होंगे। रैना ने यहां तीन जुलाई से इंग्लैंड में आयोजित होने वाले पूर्व क्रिकेटरों के टूर्नामेंट 'वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स' के लिए भारतीय लीजेंड टीम की घोषणा के मौके पर कहा, '' मैं पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टी20 शृंखला देख रहा था। इसमें इंग्लैंड की टीम बेखौफ क्रिकेट खेल रही थी। इस प्रारूप में कुछ भी संभव है। यह बेखौफ होकर खेलने वाला प्रारूप है। जो बेखौफ खेलेगा वही जीतेगा।'' भारतीय टीम के लिए 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 29.18 की औसत से 1605 रन बनाने वाले रैना ने कहा, ''अमेरिका में सबसे बड़ी चुनौती समय के साथ सामंजस्य बैठाने की होगी। हमें सुबह 10 बजे से मैच खेलने हैं और हम सफेद गेंद से इतनी सुबह खेलने के आदी नहीं है। यह थोड़ा चुनौती पूर्ण होगा। वहां की पिचें भी धीमी होंगी।''

रैना ने सवाल के जवाब में कहा कि अंतिम एकादश में जायसवाल और दुबे दोनों को जगह मिलनी चाहिए लेकिन इसके लिए कप्तान को कुछ कठिन फैसले लेने होंगे। उन्होंने कहा, मैं चाहूंगा कि जायसवाल टीम में हो। विराट को तीसरे क्रम पर खेलना चाहिये। वहां की पिचें धीमी होंगी ऐसे में आपको दौड़कर रन चुराने वाले एक बल्लेबाज की जरूरत होगी।

## हम अच्छी हॉकी खेल रहे हैं लेकिन कभी कभी लय कायम नहीं रख पाते : हरमनप्रीत



**लंदन/ भाषा।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि उनकी टीम टुकड़ों में अच्छी हॉकी खेल रही है और पेरिस ओलंपिक से पहले एफआईएच प्रो लीग के आगामी मैचों में टीम को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। भारत इस समय प्रो लीग की तालिका में 12 मैचों में 21 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है ।

भारत का सामना शनिवार से शुरू हो रहे प्रो लीग के लंदन चरण में छठी रैंकिंग वाली जर्मनी और नौवीं रैंकिंग वाली ब्रिटेन टीम से होगा ।

भारत ने बेल्जियम चरण में अर्जेंटीना को दो मैचों में हराया जबकि दो मैचों में बेल्जियम ने उसे मात दी । हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा ,'' हमने कुछ मौकों पर शानदार हॉकी खेली लेकिन कई बार लय के लिये जूझते रहे । टीम लगातार सुधार कर रही है । हमने युवा खिलाड़ियों को भी मैच अनुभव देने की कोशिश की ।''

## सुविचार

**गीता में स्पष्ट शब्दों में लिखा है, निराश न होना कमजोर तेरा वक्त है, तू नहीं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# विश्वासघात के कंकर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भारत के तत्कालीन समकक्ष अटल बिहारी वाजपेयी के साथ किए गए समझौते के 'उल्लंघन' के बारे में बयान देकर फिर एक जोखिम मोल ले लिया है। हालांकि इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की यह टिप्पणी बिल्कुल उचित है कि इस पड़ोसी देश में एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। यह दृष्टिकोण कब पलटी मार दे, इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता। खैर, नवाज शरीफ ने इतना तो माना कि गलती उनकी ओर से हुई थी। अपनी गलती मानना पाकिस्तानी नेताओं की फितरत में नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि नवाज शरीफ कारगिल युद्ध के 'अपराध' से खुद को अलग करना चाहते हैं, जिसमें भारत के कई सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे और बहुत बड़ी तादाद में पाकिस्तानी जवान भी मारे गए थे। कारगिल युद्ध के सबसे बड़े गुनहगार पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ थे। जब दोनों देश परमाणु परीक्षण कर चुके थे, तब वाजपेयीजी ने लाहौर जाकर संबंधों का नए सिरे से आगाज किया और विश्वास जीतने की कोशिश की थी। उस समझौते पर किए गए हस्ताक्षरों की स्याही भी नहीं सूखी थी कि मुशर्रफ ने कारगिल युद्ध छेड़ दिया था। यह भी एक अजीब बात है कि मुशर्रफ जब तक पाक फौज में उच्च पदों तक नहीं पहुंचे थे, उन्हें अच्छा रणनीतिकार माना जाता था। वे सैन्य अध्ययन के दिनों में रणनीति संबंधी विषयों में अच्छा प्रदर्शन करते थे। यह अलग बात है कि जब उन्होंने धरातल पर रणनीति बनाई, वह बुरी तरह विफल हुई। मुशर्रफ 'कागजी रणनीतिकार' थे, जिन्होंने दुस्साहसी स्वभाव के कारण कारगिल युद्ध में मुंह की खाई और अपने देश को तबाही की ओर लेकर गए।

आज नवाज शरीफ परवेज मुशर्रफ के उस गुनाह से पीछा छुड़ाकर खुद को बड़ा ही पाक-साफ और अमन-पसंद दिखाना चाहते हैं। हालांकि बात इतनी सादा नहीं है। नवाज कारगिल युद्ध के समय से ही यह दिखावा कर रहे थे कि गोया वे बड़े मासूम हैं और उन्हें कुछ पता नहीं है। जब वाजपेयीजी ने उनसे फोन पर बात कर मुशर्रफ का कच्चा चिट्ठा खोला, तब भी वे यह दिखाने की कोशिश कर रहे थे कि इन सब बातों से अनजान हैं। जबकि हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। पाकिस्तान के कई वरिष्ठ पत्रकार, जो पाक फौज के विशेषज्ञ माने जाते हैं और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सबूतों के साथ बता चुके हैं कि नवाज को मुशर्रफ की साजिशों के बारे में जानकारी थी। हां, उन्हें शुरुआत में ज्यादा कुछ नहीं बताया गया था, लेकिन जब पाकिस्तानी जवानों ने कारगिल की पहाड़ियों पर घुसपैठ कर ली थी, तब उन्हें सबकुछ मालूम हो चुका था। नवाज शरीफ के अनजान बने रहने का दावा इसलिए भी गलत है, क्योंकि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के सलाहकारों में सैन्य मामलों के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। क्या उन्होंने जानकारी नहीं दी होगी? कहा जाता है कि जब मुशर्रफ ने एक फौजी नक्शा दिखाते हुए नवाज को अपनी साजिश के बारे में थोड़ी जानकारी दे दी थी तो बैठक के बाद एक सलाहकार ने साफ-साफ समझा दिया था कि इसका मतलब है- हिंदुस्तान को जंग के लिए उकसाना। लेकिन नवाज को मुशर्रफ ने यह कहते हुए सब्ज़-बाग़ दिखाए थे कि 'पाक फौज आपको कश्मीर फतह करके देगी, आप तो बस हां में हां मिलाते रहें ... फिर आपका नाम इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा।' मुशर्रफ का वह दांव उल्टा पड़ा, लेकिन नवाज अपनी छवि चमकाने के चक्कर में मासूम बने रहे। वे आज भी यही कर रहे हैं। फर्क इतना है कि तब उनकी बातों पर भारत में काफी लोग विश्वास करते थे, आज नहीं करते हैं। नवाज खुद को 'शरीफ' साबित करने की कोशिशें करते रहें, लेकिन यह दाल अब गलने वाली नहीं है, क्योंकि इसमें आपने विश्वासघात के कंकर मिला दिए हैं।

## ट्वीटर टॉक



आज सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में राज्य के प्रभारी सचिवों के जिला दौरे के बाद अधिकारियों व जिला कलेक्टरों की समीक्षा बैठक ली व प्रदेश से जुड़े विभिन्न जनहित विषयों की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए उचित दिशा-निर्देश दिए।

**-भजनलाल शर्मा**



आज आनन्दपुर साहिब लोकसभा क्षेत्र की मोहाली विधानसभा में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ पार्टी प्रत्याशी डॉ. सुभाष शर्मा जी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। पंजाब में जनता का मोदी सरकार की नीति और नीयत पर विश्वास बढ़ा है।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



भारत की महान वीरांगना एवं कुशल शासिका रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। राष्ट्रीय प्रतीकों की पुनर्स्थापना एवं लोक-कल्याण हेतु आपके द्वारा किए गए कार्य सदैव प्रेरणा-पुंज रहेंगे।

**-दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# देवत्व का विस्तार

क्षत्रिय कुल में उत्पन्न विश्वामित्र को ब्रह्मर्षि पद वेदमाता गायत्री की कृपा से प्राप्त हुआ। यह प्रसंग उठने पर जन्मेजय ने पूछा, 'गायत्री को वेदमाता क्यों कहा गया?' द्रष्टा आस्तीक ऋषि ने कहा, 'वेदमाता ही नहीं, देवमाता और विश्वमाता यही तीनों संबोधन आद्यशक्ति गायत्री के हैं। सृष्टि के प्रारंभ में ब्रह्मा को स्फुरणा देने, ज्ञान-विज्ञान का विस्तार करने के कारण ये वेदमाता कहलाती हैं।' 'जब सृष्टि-संचालन का क्रम चलता है, तब देवशक्तियों का क्रम चलता है तथा देवशक्तियों को पोषित करने का कार्य यही शक्ति करती है। इसके संसर्ग से देवत्व का विकास होता है, इसलिए इसे देवमाता कहते हैं।' 'जब कभी विश्व स्तर पर अनास्था, कुविचार-दुर्भावना का अंधकार छा जाता है, तब उसको मिटाने के लिए यह महाशक्ति प्रत्येक व्यक्ति पर अपना प्रभाव डालती है। स्वर्ग से गंगा को भू पर लाने जैसा प्रचंड तप कोई युगपुरुष करता है, तब यह दिव्य धारा जन-कल्याण हेतु महाप्रज्ञा के रूप में जन-जन को स्पर्श करती है। तब यह विश्वमाता की भूमिका संपन्न करती है। उस समय वेद अर्थात सद्ज्ञान और देवत्व के विस्तार के अनोखे प्रयोग होते हैं।'

## सामयिक

# ओपिनियन और एग्जिट पोल कितने सही, कितने गलत?

**अशोक भाटिया**

**मोबाइल : 9221232130**



**हर ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल शुद्ध वोटरों की राय नहीं होती, उसमें चुनाव का इतिहास, मीडिया से आ रही खबरों और हवा के रूख का घालमेल होता है। इसलिए इसके पहले 2014 के सारे ओपिनियन और एग्जिट पोल धरे रह गए थे, क्योंकि कोई भी जनता की नब्ज नहीं पहचान पाया था। इतना अनुमान तो हर किसी को था कि भ्रष्टाचार के कारण देश की जनता कांग्रेस को वापस सत्ता में नहीं लाना चाहती, लेकिन ओपिनियन पोल का जमा घटाव करने वाले आम लोगों की इस राय पर भरोसा ही नहीं कर पाए कि भाजपा की इतनी बंपर जीत हो सकती है।**

लोकसभा चुनाव 2024 अब अपने आखिर पड़ाव पर है। अब तक 6 चरण के मतदान हो चुके हैं। सातवें चरण के लिए वोटिंग आज 1 जून को हो रही है। 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान हुआ था। अब सबकी नजर इस पर टिकी है कि आखिर 2024 के रण का बाजीगर कौन होगा? आज ही 1 जून की शाम लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण की वोटिंग खत्म होते रिजल्ट की भविष्यवाणियां होने लगेंगी। तमाम टीवी चैनल्स एग्जिट पोल के जरिए लोकसभा चुनाव के रिजल्ट का अनुमान बताएंगे। ये एग्जिट पोल भले ही रिजल्ट नहीं होते, मगर नतीजों की एक झलक जरूर देते हैं। हालांकि, एग्जिट पोल रिजल्ट गलत भी साबित होते रहे हैं। चुनाव के आखिरी वोटिंग वाले दिन ही एग्जिट पोल के रिजल्ट दिखाए जाते हैं। चुनाव आयोग का नियम है कि आखिरी चरण की वोटिंग से पहले एग्जिट पोल के रिजल्ट नहीं दिखाए जा सकते। आखिरी चरण की वोटिंग के बाद चुनाव आयोग शाम में वोटिंग फीसदी बताता है। चुनाव आयोग के इस ऐलान के बाद ही टीवी चैनल्स एग्जिट पोल के नतीजे देने लगते हैं। जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 126 ए के तहत वोटिंग के दौरान ऐसी कोई चीज नहीं होनी चाहिए, जो वोटरों के मनोविज्ञान पर असर डाले या उनके वोट देने के फैसले को प्रभावित करे। वोटिंग खत्म होने के डेढ़ घंटे तक एग्जिट पोल्स का प्रसारण नहीं किया जा सकता है। और ये तभी हो सकता है, जब सारे चुनावों की अंतिम दौर की वोटिंग भी खत्म हो चुकी हो। लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल शाम 6।30 बजे के बाद ही टीवी चैनलों पर दिखाए जा सकते है ।

हर ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल शुद्ध वोटरों की राय नहीं होती, उसमें चुनाव का इतिहास, मीडिया से आ रही खबरों और हवा के रूख का घालमेल होता है। इसलिए इसके पहले 2014 के सारे ओपिनियन और एग्जिट पोल धरे रह गए थे, क्योंकि कोई भी जनता की नब्ज नहीं पहचान पाया था। इतना अनुमान तो हर किसी को था कि भ्रष्टाचार के कारण देश की जनता कांग्रेस को वापस सत्ता में नहीं लाना चाहती, लेकिन ओपिनियन पोल का जमा घटाव करने वाले आम लोगों की इस राय पर भरोसा ही नहीं कर पाए कि भाजपा की इतनी बंपर जीत हो सकती है। क्योंकि भाजपा के इतिहास में सबसे लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी 1999 में कारगिल युद्ध जीतने के बावजूद 182 से आगे नहीं बढ़ पाए थे, और 2004 में उन्हीं अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा हार भी गई थी।

वर्ष 1989 से त्रिशंकू नतीजे आ रहे थे, क्षेत्रीय दल मिलकर ढाई सौ सीटें जीत रहे थे, जबकि दोनों मुख्य प्रतिद्वंदी कांग्रेस और भाजपा मिलकर भी तीन सौ पर अटक रहे थे। इसलिए कोई भी सरकार बिना क्षेत्रीय दलों के समर्थन के बन ही नहीं पा रही थी। 2014 में ओपिनियन पोल का डाटा तैयार करने वालों की व्यक्तिगत राय भी उन्हें भाजपा को 200 पर रोक देती थी। आप पहले 2014 के चुनावों से कुछ महीने पहले हुए ओपिनियन पोल के नतीजे देख लीजिए, आप अंदाज लगा सकेंगे कि ओपिनियन पोल कंपनियों की धड़कने कितनी बढी हुई होंगी। जब भाजपा ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया था, लेकिन ऐसी हवा बन गई थी कि मोदी को प्रोजेक्ट करने की मांग बढ़ रही थी, तब भी अप्रेल मई 2013 में इंडिया टुडे के चैनल हैडलाइंस टुडे ने एक सर्वे करवाया था। उसके नतीजे थे कि अगर भाजपा ने नरेंद्र मोदी को प्रोजेक्ट कर दिया, तो यूपीए 155 पर अटक जाएगा और एनडीए 220 सीटें हासिल कर लेगी।

लेकिन यही सर्वे कह रहा था कि अगर भाजपा ने मोदी को प्रोजेक्ट नहीं किया तो यूपीए 209 सीटें हासिल करेगाऔर एनडीए 179 सीटें ही हासिल कर पाएगी। यानी मोदी को प्रोजेक्ट नहीं किया जाता, तो सरकार कांग्रेस की ही बनती, और मोदी को प्रोजेक्ट करने पर भी एनडीए को 52 सांसदों की जरूरत पड़ती, जो मोदी के नाम पर तो मिलते ही नही, या तो लाल कृष्ण आडवानी या राजनाथ सिंह या नितिन गडकरी प्रधानमंत्री बनते या फिर कोई एचडी देवेगौडा कांग्रेस की मदद से प्रधानमंत्री बनता। किसी ओपिनियन पोल में कोई एजेंसी जनता की नब्ज पकड़ ही नहीं पाई थी कि जमीन पर वास्तव में हो क्या रहा था।

मई 2013 में एबीपी ने नेलसन कंपनी से सर्वे करवाया, तो उसने यूपीए को 136 और एनडीए को 206 सीटें दीं। जुलाई में द वीक ने हंसा रिसर्च से सर्वे करवाया तो उसने यूपीए को 184 और एनडीए को 197 सीटें बताई और बाकी क्षेत्रीय दलों को 162 सीटें बताईं। जुलाई में ही सीएनएन-आईबीएन और हिन्दू अखबार ने मिल कर सी-एसडीएस से सर्वे करवाया। जिसने यूपीए को 149 से 157 के बीच, एनडीए को 172 से 180 के बीच और बाकी दलों को 209 से 224 सीटें बताई थीं। यानी तीसरे मोर्चे की सरकार बन रही थी।

जुलाई में ही टाईम्स नाऊ और इंडिया टूडे ने सी-वोटर से सर्वे करवाया, तो उसने यूपीए को 134 सीटें बताई, इनमें से कांग्रेस को 119 बताई थी, एनडीए को 156, जिसमें से भाजपा को 131 सीटें बताई थी। अक्टूबर 2013 में स्पष्ट हो गया था कि भाजपा मोदी को प्रोजेक्ट करने जा रहा है, तब भी सी-वोटर ने टाईम्स नाऊ और इंडिया टीवी के लिए सर्वे किया तो उसने यूपीए को 117, जिसमें कांग्रेस को 102, और एनडीए को 186, जिसमें भाजपा को 162 सीटें बताई थी। इसी कंपनी ने जनवरी 2014 में यूपीए को घटा कर 103 कर दिया, जिसमें कांग्रेस को 91, जबकि एनडीए को बढ़ा कर 212 जिसमें भाजपा को 188 सीटें बताई थीं। तब एबीपी- नेलसन ने यूपीए को 101 और कांग्रेस को 81, एनडीए को 226 और भाजपा को 210, बाकी दलों को 216 सीटें बताईं।

जनवरी 2014 से अप्रेल 2014 तक आठ-दस सर्वे और हुए, जिनमें एनडीटीवी के लिए ओपिनियन पोल करने वाली हंसा रिसर्च कंपनी ने भाजपा को अधिकतम 226 सीटें दी थीं और एनडीए को 275 सीटों के साथ बहुमत की भविष्यवाणी की थी, इस सर्वे में भी कांग्रेस को न्यूनतम 92 सीटें बताई गई थीं। टाईम्स नाऊ-सी वोटर ने फरवरी 2014 में एक बार कांग्रेस को 89 सीटें बताई थी, लेकिन कांग्रेस को मिली उससे आधी 44 सीटें। भाजपा को वह अधिकतम 202 ही बता रहा था, जबकि भाजपा को मिली 282 सीटें और एनडीए को 336 सीटें।

यानी कोई भी सर्वे जमीनी हकीकत को समझ नहीं सका था। कोई इस हकीकत के नजदीक नहीं पहुंच सका कि भाजपा को अपने दम पर बहुमत मिल सकता है। लेकिन जब बात एग्जिट पोल की आई तो टाइम्स नाऊ-ओआरजी को छोड़कर बाकी सभी एग्जिट पोल एनडीए की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनवा रहे थे, जिनमें हकीकत के सर्वाधिक नजदीक न्यूज-24 के लिए एग्जिट पोल करने वाला चाणक्य था, जिसने एनडीए को 340 सीटों की भविष्यवाणी की थी। लेकिन एग्जिट पोल के नतीजों से भाजपा और एनडीए के घटक दलों को छोड़ कर कोई अन्य दल विश्वास करने को तैयार नहीं था। बुद्धिजीवी वर्ग में बने भाजपा विरोधी इको-सिस्टम ने एग्जिट पोल को नकार दिया और नतीजे आते ही ईवीएम पर सवाल उठाने शुरू कर दिए थे।

वर्ष 2019 में ओपिनियन पोल कंपनियां फिर से फिसली हुई थी, ज्यादातर कंपनियां भाजपा को बहुमत देती हुई दिखाई नहीं दे रही थी, भाजपा को तो दो सौ से नीचे बता रही थी, सारे ओपिनियन पोल एनडीए को 225 से 285 के बीच रख रहे थे। 14 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पुलवामा में सेना के काफिले पर हमला किया था, उसके बारहवें दिन 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुस कर ऑपरेशन बन्दर कर दिया। पाकिस्तान के बालाकोट पर हुए इस हमले को प्रधानमंत्री मोदी ने घर में घुस कर मारने की भारत की नई नीति घोषित कर दिया, तो देश की जनता गदगद हो गई थी। इसके बावजूद ओपिनियन पोल कंपनिया देश की जनता का मिजाज नहीं पहचान पाई, मार्च से लेकर 8 अप्रेल तक हुए सभी ओपिनियन पोल एनडीए को 264 से 285 तक अटकाए हुए थे, सात में से तीन ओपिनियन पोल तो ऑपरेशन बालाकोट के बाद भी एनडीए को बहुमत मिलने का अनुमान नहीं लगा रहे थे। जिन चार ने एनडीए को बहुमत मिलने की भविष्यवाणी की थी, वे भी एनडीए को 275 से 285 के बीच सीटें दे रहे थे।

यानी 2019 का हर ओपिनियन पोल कह रहा था कि भाजपा को तो स्पष्ट बहुमत मिल ही नहीं सकता, एनडीए की सरकार बन भी सकती है और नहीं भी। यहाँ तक कि एबीपी-नेलसन के एग्जिट पोल ने भी एनडीए को बहुमत नहीं दिया था, उसकी भविष्यवाणी एनडीए को 267 सीटें मिलने की थी। 2014 की तरह चाणक्य फिर सही साबित हुआ, जिसने एनडीए को 350 सीटें मिलना बताया था, और एनडीए को 353 सीटें मिलीं। आठ एग्जिट पोल में से तीन एनडीए को तीन सौ से नीचे बता रहे थे।

वर्ष 2014 और 2019 की तरह वही इको सिस्टम फिर सक्रिय है, इस बार कुछ ऐसे लोग खुल कर सामने आए हैं, जो पिछले दो चुनावों में पर्दे के पीछे रह कर अफवाहें फैलाने का काम करते थे। उसमें कुछ तो मुख्यधारा की पत्रकारिता का हिस्सा रहे यूट्यूबर भी जुड़े हैं। लेकिन इस बार के सभी ओपिनियन पोल तीसरी बार एनडीए की सरकार बनती देख रहे हैं। कोई भी ओपिनियन पोल एनडीए को 300 से कम सीटों की भविष्यवाणी नहीं कर रहा।अब यह तो आज शाम 6.30 के बाद मालूम पड़ेगा की विभिन्न एग्जिट पोल क्या बताते है ।

## नजरिया

# क्यों गर्मी से उबल रहा देश?

**आर.के. सिन्हा**



चिलचिलाती गर्मी के कारण देश का एक बड़ा हिस्सा फिलहाल उबल रहा है। आम चुनावों के मौसम में चर्चा के केन्द्र बिंदुओं में गर्मी की मार भी एक प्रमुख बिंदु बन गया है। मैं अभी चुनाव में अनेक क्षेत्रों में जन संपर्क अभियानों में निकल रहा हूँ। लेकिन , न तो कार्यकर्ता सुबह 6 से 9 और शाम के 7 से रात 10 के अलावा निकलने को तैयार हैं, न ही नागरिक अपने घरों का दरवाज़ा खोलकर आपके स्वागत के लिये तैयार हैं। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि यह तीव्र गर्मी जून महीने तक जारी रहेगी, और महसूस होने वाला तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच सकता है। अभी 26 मई को स्वयं मुझे पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ० मोहन यादव के साथ और 27 मई को आरा संसदीय क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ मात्र एक घंटे रहने का मौक़ा मिला। 44-45 डिग्री तापमान था और मंच पर बैठना भी असहनीय हो रहा था।

सच में, इस भीषण गर्मी ने दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में लू की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। यह अब लगभग पूरे देश में महसूस होने लगा है। उत्तर भारत में जहाँ कुछ क्षेत्रों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुँच गया, यह इसका एक हालिया उदाहरण है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात सहित कई राज्यों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आजकल जब सूरज देवता आग उगल रहे हैं, तब नौतपा शब्द बहुत सुनने में आ रहा है। कुछ लोगों को यह शब्द नया लग रहा है। हालांकि यह बात नहीं है। नौतपा वो नौ दिन होते हैं जब देश में गर्मी अपने चरम पर होती है। इसे 'नवताप' भी कहा जाता है। ये दिन साल के सबसे गर्म दिन भी होते हैं। 2024 में, नौतपा 25 मई को शुरू हुआ और 2 जून तक जारी रहेगा। नौतपा के दौरान, सूर्य सीधे मध्य भारत के ऊपर होता है, जिससे पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी कम हो जाती है। इससे अधिक सीधे और तीव्र सौर विकिरण उत्पन्न होते हैं, जिससे भीषण गर्मी पड़ती है। कुछ क्षेत्रों में, खासकर राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश और गुजरात में तापमान लगभग 50ओ सेल्सियस तक पहुँचने की उम्मीद है।

हीटवेव एक लंबी अवधि की अत्यधिक गर्मी होती है जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर परिणाम ला सकती है। हीटवेव के दौरान, तापमान किसी विशेष क्षेत्र और समय के लिए औसत तापमान से काफी अधिक हो जाता है। हीटवेव थकावट, स्ट्रोक और गंभीर मामलों में मृत्यु का कारण बन सकती है। याद रख लें कि हीटवेव सिर्फ उच्च तापमान नहीं होती, बल्कि असामान्य तापमान वृद्धि से परिभाषित होती है। उदाहरण के लिए, एक स्थान जहाँ गर्मियों में सामान्यत: 40 डिग्री सेल्सियस तापमान होता है, वहाँ हीटवेव नहीं मानी जाती है, भले ही तापमान 42 या 43 डिग्री तक पहुँच जाए। इसके विपरीत, एक जगह जहाँ सामान्य तापमान 27 या 28 डिग्री है, वहाँ हीटवेव मानी जाएगी यदि तापमान 35 डिग्री तक पहुँच जाए।

हीटवेव तब मानी जाती है जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो। हालांकि, यह भी ध्यान दिया जाता है कि जिस तापमान पर हीटवेव घोषित की जाती है, वह क्षेत्र की तापमान जलवायु के आधार पर अलग-अलग होता है। भारत के कुछ क्षेत्र अपने स्थान और जलवायु के कारण हीटवेव के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। इनमें देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य भाग, जिनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

शोधकर्ता बताते हैं कि हीटवेव तब होती है जब वायुमंडल में उच्च दबाव होता है, जो गर्म हवा को नीचे की ओर धकेलता है और इसे जमीन के पास फँसा देता है। यह उच्च दबाव प्रणाली एक ताले की तरह काम करता है जो गर्म हवा को ऊपर उठने से रोकता है, जिससे तापमान और बढ़ जाता है। जब हवा नीचे डूबती है तो वह गर्म हो जाती है, जिससे अत्यधिक गर्मी की स्थिति उत्पन्न होती है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन वैश्विक मौसम पैटर्न में बदलाव करके और लंबी अवधि तक उच्च दबाव की संभावना बढ़ाकर अधिक बार और तीव्र हीटवेव में योगदान देता है। भारत में गर्मियों का तापमान आमतौर पर मई में चरम पर होता है। पाकिस्तान से आने वाली गर्म पश्चिमी हवाएं भी गर्मी में योगदान दे रही हैं।भारत के अन्य हिस्सों में, गर्मियों का तापमान पहले ही रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच चुका है, खासकर पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में, जहाँ अप्रैल का तापमान रिकॉर्ड में सबसे अधिक था।

अत्यधिक गर्मी का स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। हालिया शोध बताते हैं कि तीव्र और लंबी अवधि तक चलने वाली हीटवेव के दौरान समय से पहले जन्मों में वृद्धि होती है। हीटवेव के कारण सांस लेने में तकलीफ और श्वसन संबंधी स्थितियाँ बिगड़ने की भी जानकारी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ हवा की गुणवत्ता खराब है। उच्च तापमान हृदय और परिसंचरण तंत्र पर भी दबाव डाल सकता है, जिससे दिल का दौरा और अन्य हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। यह भी ध्यान रखा जाए कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, हीटवेव के आर्थिक प्रभाव को लेकर चिंताएँ बढ़ती जा रही हैं। नकारात्मक प्रभाव केवल मानवीय पीड़ा तक सीमित नहीं हैं बल्कि आर्थिक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को भी प्रभावित करते हैं।

हीटवेव अक्सर कार्यबल की उत्पादकता में कमी का कारण बनती है। उच्च रात के तापमान के कारण शरीर को ठंडा होना मुश्किल हो जाता है। भारत जैसे देश में, जहाँ कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा बाहरी गतिविधियों में लगा हुआ है, परिणाम गंभीर होते हैं। लगभग 45.767 कार्यबल कृषि में कार्यरत है, जिसमें से 837 असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

किसानों सहित बाहरी काम करने वाले लोग, गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे गर्मी की थकावट और हीटस्ट्रोक के प्रति विशेष रूप से कमजोर होते हैं, जिससे बार-बार ब्रेक लेना पड़ता है और उत्पादकता कम होती है। पिछले साल एक अध्ययन ने चेतावनी दी थी कि अत्यधिक गर्मी से बाहरी काम करने की क्षमता 15 फीसद तक कम हो सकती है, जिससे लाखों लोगों के जीवन स्तर में गिरावट आ सकती है और 2050 तक भारत की सकल घरेलू उत्पाग (जीडीपी) में 2.8 फीसद की गिरावट आ सकती है। सकल घरेलू उत्पाद अर्थव्यवस्था के आर्थिक प्रदर्शन का एक बुनियादी माप है, यह एक वर्ष में एक राष्ट्र की सीमा के भीतर सभी अंतिम माल और सेवाओ का बाजार मूल्य है। बहरहाल, इस गर्मी के मौसम में अपने को बचाइये। रोज खूब पानी पीजिए। समाप्त।

(लेखक पूर्व सांसद हैं)

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# गंभीर अपराध में दोषी ठहराए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में शामिल हो एक बार फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने की उनकी उम्मीदों की राह में कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि वे सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत हैं कि 77 वर्षीय ट्रंप ने वयस्क फिल्म स्टार डेनियल्स को 130,000 अमेरिकी डॉलर की राशि का भुगतान छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। यह निर्णय लगभग डेढ़ दिन के विचार-विमर्श के बाद आया है। इस फैसले के बावजूद ट्रंप को नवंबर में होने वाले चुनाव में खड़े होने से नहीं रोका जा सकता, लेकिन यह लगभग तय है कि वह इसके खिलाफ अपील करेंगे। छह सप्ताह तक चली सुनवाई के दौरान अदालत ने 22 गवाहों की गवाही सुनी, जिनमें डेनियल्स भी शामिल थीं, जिनका पूर्व राष्ट्रपति के साथ कथित यौन संबंध मामले के केंद्र में था। जब फैसला सुनाया गया तो ट्रम्प चुप और स्थिर रहे। अदालत कक्ष के बाहर ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि यह फैसला एक दोषपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था का परिणाम है। ट्रंप ने उनके खिलाफ फैसला सुनाए जाते ही कहा, यह शर्मनाक है। यह एक विवादित न्यायाधीश द्वारा की गई दोषपूर्ण, भ्रष्ट सुनवाई थी। उन्होंने कहा, असली फैसला पांच नवंबर को लोग सुनाएंगे। वे जानते हैं कि यहां क्या हुआ और हर कोई जानता है कि यहां क्या हुआ।



अभियोजकों ने तर्क दिया था कि धनराशि को कानूनी खर्च के रूप में छिपाने की योजना को मंजूरी देकर ट्रंप ने चुनाव कानून तोड़ा है। ट्रंप को सजा सुनाए जाने की तिथि 11 जुलाई निर्धारित की गई है। इसके चार दिन बाद ही विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' में उन्हें पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनावों में औपचारिक रूप से पार्टी उम्मीदवार नामित किया जाना है। फिलहाल ट्रंप को बिना जमानत दिए रिहा कर दिया गया है। ट्रंप ने कहा, मैं निर्दोष हूं। मैं अपने देश के लिए लड़ रहा हूं। मैं अपने संविधान के लिए लड़ रहा हूं। हमारे पूरे देश में इस समय धांधली हो रही है।

ट्रंप ने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को नुकसान पहुंचाने के लिए ऐसा किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह शर्मनाक है और इसके खिलाफ हम लड़ते रहेंगे। हम अंत तक लड़ेंगे और हम जीतेंगे क्योंकि हमारा देश नरक में चला गया है। बाइडन के चुनाव प्रचार अभियान ने जूरी के फैसले का स्वागत किया। 'बाइडेन-हैरिस 2024 कम्युनिकेशंस' के निदेशक माइकल टेलर ने कहा, हमने आज न्यूयॉर्क में देखा कि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। ट्रंप द्वारा पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है।



# भीषण गर्मी में प्यासे पक्षियों के लिए राहत लेकर आए प्रधान न्यायाधीश

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड उच्च तापमान दर्ज किये जाने की वजह से जारी भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने मिसाल कायम करते हुए उच्चतम न्यायालय परिसर में पक्षियों एवं छोटे जानवरों के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था की है। पानी और खाद्यान्न से भरे बर्तन उच्चतम न्यायालय परिसर में रणनीतिक रूप से रखे गए हैं, ताकि प्यासे और भूखे पक्षियों तथा गिलहरी जैसे छोटे जानवरों को चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत मिल सके। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पहले ही उन स्थानों की पहचान कर ली थी, जहां ऐसी सुविधाओं की व्यवस्था की जानी थी। अधिकारी ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को इन स्थानों पर पानी और भोजन की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

## सर्कस महोत्सव



नई दिल्ली में भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रसिद्ध रेम्बो सर्कस द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सर्कस महोत्सव के उद्घाटन पर।

## धरना



हैदराबाद में भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मण, विधायकों और अन्य लोगों ने शुक्रवार को हैदराबाद के इंदिरा पार में राज्य सरकार से फोन टैपिंग मामले की व्यापक जांच कराने की मांग को लेकर धरना दिया।

# सातवीं कक्षा के भारतीय-अमेरिकी छात्र ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का खिताब जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र ब्रुहत सोमा ने प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छोटे जातीय समुदाय के बच्चों का दबदबा कायम रखते हुए टाईब्रेकर में 29 शब्दों की सही वर्तनी बताने के बाद 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' खिताब अपने नाम कर लिया। ब्रुहत बृहस्पतिवार को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी में विजयी हुए और उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद और अन्य पुरस्कार अर्जित किए।

इस साल की प्रतियोगिता टाईब्रेकर तक पहुंची, जिसमें ब्रुहत ने 90 सेकंड में 29 शब्दों की सही वर्तनी बताकर फैजान जकी को हराया। फैजान लाइटनिंग राउंड में 20 शब्दों की सही वर्तनी करने में कामयाब रहे। उनका चैम्पियनशिप (प्रतियोगिता) शब्द एब्सिल था, जिसे पर्वतारोहण के दौरान ऊपर एक आगे निकले हुए हिस्से पर रस्सी के सहारे उतरना के रूप में परिभाषित किया गया है। टाईब्रेकर में ब्रुहत पहले स्थान पर रहे और 30 शब्द पूरे करने के बाद ऐसा लगा कि उन्हें हराना असंभव होगा। शुरुआत में फैजान की गति अधिक असमान थी। उन्होंने 25 शब्दों को हल किया, लेकिन उनमें से चार गलत हो गए।

आयोजकों ने कहा, ब्रुहत सोम की शब्दों पर अदभुत पकड़ है! 2024 स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का चैंपियन! अविश्वसनीय याददाश्त वाला लड़का एक भी शब्द नहीं चूका और स्क्रिप्स कप घर ले जा रहा है! आयोजकों ने कहा, ब्रुहत सोमा ने 30 में से 29 शब्दों की सही वर्तनी बतायी और प्रतिष्ठित चैंपियन का खिताब हासिल करने का प्रयास किया और 2022 में हरिनी लोगन द्वारा बनाए गए स्थायी स्पेल-ऑफ रिकॉर्ड को तोड़ दिया। प्रतियोगिता के पहले स्पेल-ऑफ के दौरान लोगन ने 26 में से 22 शब्दों की सही वर्तनी बतायी थी।

# सरगुन मेहता ने टीवी उद्योग में महिला निर्माताओं के लिए दरवाजे खोलने का श्रेय एकता कपूर को दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई। अभिनेत्री सरगुन मेहता का कहना है कि निर्माता एकता कपूर ने भारतीय टेलीविजन उद्योग में और अधिक महिला फिल्म निर्माताओं के लिए रास्ता बनाया और ऐसी सामग्री पेश की जो उनके किरदारों और वास्तविक जीवन से मेल खाती है। टीवी जगत और पंजाबी फिल्म उद्योग में एक अभिनेत्री के रूप में अपनी जगह बनाने वाली सरगुन एक निर्माता के रूप में कई परियोजनाओं को लेकर कतार में हैं, जिसमें टीवी शो, 'बादल पे पांव है' भी शामिल है। उन्होंने कहा टीवी उद्योग में, एकता कपूर ने सभी के लिए रास्ता साफ कर दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि हमें यह कहने की परेशानी न हो कि 'आप यह (शो का निर्माण) कैसे करेंगे?' उन्होंने पहले ही इतना कुछ कर लिया है कि कोई भी सवाल नहीं उठा सकता।

अभिनेत्री ने 'भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में बताया पंजाबी फिल्मों में, वे हमारे निर्माण के विचार के अभ्यस्त नहीं थे। ऐसा नहीं है कि उन्होंने मेरा मजाक उड़ाया, बल्कि उन्होंने मुझे कम आंका। उन्होंने नहीं सोचा था कि मैं फिल्मों को उस तरह से कर पाऊँगी, जैसा मैंने किया। पंजाबी फिल्मों और टीवी शो जैसे 'काला शाह काला', 'झल्ले', 'उड़ारियां' और 'जुनूनियत' का निर्माण करने वाली सरगुन मेहता ने कहा कि उन्हें एहसास हुआ है कि अभिनय करना निर्माण करने से कहीं ज़्यादा आसान काम है। उन्होंने कहा मुझे अब एहसास हुआ है कि निर्माण के काम में मेहनत नहीं दिखती।

एक कलाकार के तौर पर जब मैं सेट पर आती हूँ, तो मुझे लगता है, 'मेरे पास करने के लिए बहुत काम है', लेकिन यूनिट (क्रू), निर्माता और क्रिएटिव टीम जैसे अन्य लोग हैं जो महीनों या सालों से इस पर काम कर रहे हैं।

मेहता ने कहा कलाकारों के शिकायत करने पर मैं कहती हूँ, 'आपके पास करने के लिए एक मज़ेदार काम है, शिकायत मत करो'। मैं यह नहीं कह रही हूँ कि यह एक आसान काम है।

# भारत में संगीतकारों को आगे बढ़ने का मिलता है अवसर : ए. आर. रहमान

मुंबई/एजेन्सी

म्यूजिक डायरेक्टर ए.आर. रहमान ने कहा है कि भारत सांस्कृतिक रूप से इतना समृद्ध देश है कि यह ध्वनि, शब्द, विचार के माध्यम से सभी को एक साथ लाने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। संगीत के जादूगर ए.आर. रहमान ने भारत में संगीतकारों को मिल रहे अवसरों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि भारत ने उन संगीतकारों को आगे लाने का एक शानदार अवसर प्रदान किया है, जिन्हें पहले कभी मौका नहीं मिला। ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीत निर्देशक ने मुंबई में नेक्सा म्यूजिक के तीसरे सीजन का शुभारंभ किया। इस मौके पर ए.आर. रहमान ने कहा कि मानव मस्तिष्क की शक्ति हमारी कल्पना से कहीं अधिक है और सशक्तीकरण के जरिए कुछ भी पाया जा सकता है।

नेक्सा म्यूजिक के तीसरे सीजन के लॉन्च पर प्रसिद्ध गायक राजा कुमारी, किंग, अर्जुन कानूनगो और मामे खान भी शामिल हुए। देश



में क्षेत्रीय संगीत को मिले प्रोत्साहन पर बात करते हुए भारत के म्यूजिक माएस्ट्रो ए.आर. रहमान ने कहा, ''इंसान का दिमाग सशक्तीकरण के साथ काम करता है और मुझे लगता है कि अगर मन सशक्त हो तो कुछ भी किया जा सकता है।''

उन्होंने कहा कि कोई भी गाना बनाते समय आपको यह अहसास होना चाहिए कि जिसे मैं बनाने जा रहा हूं यह सबसे अच्छा गाना है, और सभी लोग इसे पसंद करेंगे। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए संगीतकार ने कहा कि हर भाषा महत्वपूर्ण है। किसी की किस्मत कभी भी चमक सकती है। किसी भी कलाकार को कभी भी कम नहीं आंकना चाहिए। मीडिया द्वारा पूछे जाने पर कि सीजन 3 से क्या उम्मीद की जाए, इस पर रहमान ने कहा कि मैं माइकल जैक्सन के पसंदीदा शब्द वंडरमेंट का इस्तेमाल करना चाहूंगा। लोगों को सीजन 3 से 'वंडरमेंट' की उम्मीद करनी चाहिए। सभी प्रतियोगी एक साथ कुछ नया लेकर आएंगे और चमकेंगे। संगीतकार ने 1991 में अपना खुद का म्यूजिक रिकॉर्ड करना शुरु किया। उन्होंने 1992 में फिल्म रोजा में अपने संगीत का जादू दिखाया। इस फिल्म के संगीत ने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। इस म्यूजिकल हिट के लिए रहमान को फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। संगीतकार ने दिल से, रंगीला, ताल, पुकार, फिजा, लगान, मंगल पांडे, स्वदेश, रंग दे बसंती, जोधा-अकबर, जाने तू या जाने ना, तहजीब, बॉम्बे, युवराज, स्लम डॉग मिलेनियर और गजनी जैसी फिल्मों में अपना संगीत दिया है। ए.आर. रहमान ने देश की आजादी के 50 साल पूरे होने पर 1997 में वंदे मातरम् एलबम बनाया। जिसे लोगों का भरपूर प्यार मिला।




# शिल्पा शेट्टी ने 'केडी-द डेविल्स' की शूटिंग पूरी की

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म केडी - द डेविल्स की शूटिंग पूरी कर ली है। शिल्पा शेट्टी , केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जीतने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।



# डिज्नी-हॉटस्टार की सीरीज गुनाह का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित गुनाह का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपनी आगामी सीरीज गुनाह के एक दिलचस्प टीज़र के बाद अब इसका ट्रेलर लॉन्च किया है। रोमांचक ड्रामा और मिस्ट्री के साथ इस सीरीज़ में अभिमन्यु की कहानी दिखाई गई है, जिसका किरदार गश्मीर महाजनी निभा रहे हैं। इस सीरीज़ में वो विश्वासघात का बदला लेने के सफर पर निकले हैं। बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित, गुनाह में सुरभि ज्योति और ज़ैन इबाद खान भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज़ तीन जून 2024 से डिज़्नी+ हॉटस्टार मोबाइल ऐप निशुल्क देखी जा सकेगी और सोमवार से शुक्रवार तक रोज इसके नए एपिसोड आएंगे।

बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, मौटिक टोलिया ने कहा, गुनाह में प्यार और कड़ी मेहनत की कहानी है। हमें यह कहानी पेश करने के लिए डिज़्नी+ हॉटस्टार के साथ सहयोग करने की खुशी है। इसके जटिल किरदारों और दिलचस्प कहानी के साथ, हम दर्शकों का उत्साह बनाए रखना और प्रतिदिन उनका मनोरंजन करना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि दर्शकों को यह सीरीज़ बहुत पसंद आएगी।

निर्देशक अनिल सीनियर ने बताया, गुनाह में हमने एक हीरो को एंटी हीरो बनते हुए उसकी जटिल प्रकृति को समझने का प्रयास किया है। यह शो न्याय, प्रेम, विश्वासघात और बदला लेने पर आधारित है, जिसने इनके बीच अंतर करने वाली रेखाओं को धुंधला कर दिया है। हम एक ऐसी कहानी बनाना चाहते थे, जो दर्शकों को नैतिकता की अस्पष्ट भावनात्मक यात्रा पर ले जाए। यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बहुत करीब है और हमें खुशी है कि डिज़्नी+ हॉटस्टार मोबाइल ऐप पर दर्शक यह सीरीज़ निशुल्क देख सकेंगे।

गश्मीर महाजनी ने कहा, अभिमन्यु का किरदार निभाना एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है। इस किरदार की गहराई और दिलचस्प कथानक के कारण यह कहानी बहुत प्रभावशाली बन गई है। गुनाह के सभी कलाकारों और क्रू के साथ काम करने में मुझे बहुत मजा आया। मुझे इस प्रोजेक्ट में सुरभि ज्योति के साथ बहुत अच्छा समय बिताने को मिला, वो एक अच्छी अभिनेत्री के साथ एक अच्छी को-स्टार और दोस्त भी है।

सुरभि ज्योति ने कहा, यह शो बहुत तेजी से आगे बढ़ता है, और इसकी जटिल प्लॉटलाइंस के कारण दर्शक एक पल के लिए भी इससे ध्यान नहीं हटा पाएंगे। तारा का सफर भी उतना ही गहन और दिलचस्प है, जितना अभिमन्यु का। मैं यह किरदार निभाकर बहुत खुश हूं। गुनाह में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला और गश्मीर और ज़ैन के साथ काम करके मुझे बहुत अच्छा लगा। सीरीज़ में इन दोनों ने बहुत अच्छा काम किया है, और हम सभी अपने प्रशंसकों को प्यार, चुनौतियों, संघर्षों और विश्वासघात की यह कहानी दिखाने के लिए उत्साहित हैं।

ज़ैन इबाद खान ने कहा, गुनाह में काम करने का निर्णय मेरा अब तक का सबसे अच्छा निर्णय था। यह कहानी सुनते ही मैं शिवा का किरदार करना चाहता था। वह अपने दोस्तों और परिवार के प्रेम को महत्व देता है। इसमें कुछ बहुत ही गहन दृश्य थे, जिससे मुझ पर भावनात्मक असर पड़ा, लेकिन एक अभिनेता के रूप में यह एक अमूल्य अनुभव था। मुझे शिवा और उसके व्यक्तित्व के हर पहलू को उजागर करने में मज़ा आया। डिज़्नी+ हॉटस्टार के साथ मेरी पिछली सीरीज़ के बाद एक बार फिर उनके साथ काम करना गर्व की बात है।

# तीन दिन में ही परेश ने छोड़ दी थी बैंक की नौकरी



मुंबई/एजेन्सी

अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को दीवाना बनाने वाले परेश रावल ने अपने करियर की शुरुआत में बैंक में काम किया लेकिन उन्होंने तीन दिन में ही नौकरी छोड़ दी थी। परेश रावल का जन्म 30 मई, 1955 को मुंबई में एक गुजराती ब्राह्मण परिवार में हुआ था। परेश के पिता का नाम 'दह्यालाल रावल' था। परेश ने स्कूल की पढ़ाई 'महाराष्ट्र एसएससी बोर्ड' से पूरी की। इसके बाद उन्होंने स्नातक की डिग्री प्राप्त की ।परेश रावल को बचपन से ही अभिनय में रुचि थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें थियेटर ग्रुप ज्वाइन कर लिया और नाटकों में हिस्सा लेने लगे। परेश रावल ने एक बार बताया था कि उनके घर परिवार में पॉकेट मनी का कोई कॉन्सेप्ट नहीं था। ऐसे में वह गुजारे के लिए परेश बैंक में नौकरी करने लगे।परेश ने बताया था कि उन्हें डेढ़ महीने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा में नौकरी मिली थी लेकिन उन्होंने तीन दिन के बाद ही नौकरी छोड़ दी थी। ऐसे में उनके लिए सर्वाइव करना मुश्किल हो रहा था. तब उनकी मदद उनकी गर्लफ्रेंड संपत स्वरूप करती थी। स्वरूप संपत परेश को पैसे दिया करती थी। स्वरूप संपत अभिनेत्री भी रह चुकी हैं। उन्होंने मिस इंडिया का खिताब भी जीता था। परेश रावल और स्वरूप संपत ने वर्ष 1987 में शादी रचा ली थी।

परेश रावल ने वर्ष1984 में प्रदर्शित फिल्म 'होली' में काम किया।अभिनेता आमिर ख़ान ने इसी फिल्म से अभिनेता के रूप में अपने सिने कैरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के बाद उन्हें 'हिफाज़त', 'दुश्मन का दुश्मन', 'लोरी' और 'भगवान दादा' जैसी फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इनसे उन्हें कुछ ख़ास फायदा नहीं हुआ। वर्ष 1986 में परेश रावल को राजेन्द्र कुमार निर्मित फिल्म 'नाम' में काम करने का अवसर मिला। संजय दत्त और कुमार गौरव अभिनीत इस फिल्म में वह खलनायक की भूमिका में दिखाई दिए। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई और वह खलनायक के रूप में कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 'नाम' की सफलता के बाद परेश रावल को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गए। जिनमें 'मरते दम तक', 'सोने पे सुहागा', 'ख़तरो के खिलाड़ी', 'राम लखन', 'कब्ज़ा', 'इज़्ज़त' जैसी बड़े बजट की फिल्में शामिल थी। इन फिल्मों की सफलता के बाद परेश रावल ने सफलता की नई बुलंदियों को छुआ और अपनी अदाकारी का जौहर दिखाकर दर्शको को भावविभोर कर दिया।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अक्षय तृतीया का पवित्र दिन जैन धर्म के अनुसार इस युग के भिक्षा विधि के प्रारम्भ का दिन हैं। इस दिन भगवान ऋषभदेव के एक वर्ष से ऊपर की तपस्या का पारणा हुआ था। भगवान ऋषभ का तप अनुपमेय था। भगवान ऋषभ इस युग के प्रथम राजा कहलाए, प्रथम मुनि बने, प्रथम भिक्षुक कहलाए और प्रथम तीर्थंकर बने। भगवान ऋषभ का जीवन समग्रता लिए हुए था। जिन्होंने समाज के लिए भी अपना समय लगाया, लोगों को असि, मषि, कृषि का प्रशिक्षण दिया और बाद में साधना में लीन बने।

## दादी मंगलपाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





**तिरुपुर।** दादी परिवार द्वारा हर महीने कि भांति इस महीने भी राणी सती दादी का मंगल पाठ गणेश मन्दिर रायपुरम में किया गया। दादी के मंगल पाठ के इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया उसके उपरांत कार्यक्रम मे आये सभी महिलाओं ने मिलकर दादी को मीठे-मीठे भजनों से रिझाया। 'ल्याया थारी चुनरी, करियो माँ स्वीकार, इमें साँचा साँचा हीरा और मोतियों की भरमार।' आदि भजन प्रस्तुत किए। दादी परिवार की प्रमुख शीला शाह एवं पदाधिकारी सरोज पत्ती, वीरा कामदार, मनीषा अग्रवाल, मंजु पारस, चंदा डिडवानिया, सरिता तलसियान, सुमन गुप्ता अदि उपस्थित थीं। पाठ उपरांत सभी ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# दो स्थानकवासी मूर्धन्य महापुरुषों का हुआ अध्यात्मिक मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दावणगरे। शहर में गुरुवार को उपाध्यायश्री पुष्कर मुनिजी म.सा. एवं श्रमण संघ के तृतीय पट्टधर आचार्यश्री देवेन्द्र मुनिजी के शिष्य उपप्रवर्तक श्री नरेशमुनिजी का उत्तर भारतीय संत प्रवचन वाचस्पति भी मदनलालजी म.सा. एवं संघशास्ता श्री सुदर्शनलालजी के शिष्य संतश्री राजेशमुनिजी का अध्यात्मिक मिलन हरिहर रोड स्थित कॉलेज प्रांगण में हुआ। दोनों महापुरुषों ने स्थानीय परंपरा और दोनों परंपराओं के पुराने महापुरुषों को याद किया व गुणगान किया। ज्ञात रहे कि उप प्रवर्तक श्री नरेशमुनि जी का चातुर्मास रायचूर में एवं वक्ताश्री राजेशमुनिजी का चातुर्मास बेंगलूर शांतिनगर में होगा। पाद विहार कर विचरण करने वाले संतों का मिलन तो संयोग से ही है। ये जानकारी शांतिनगर संघ के मंत्री छगनमल लुणावत ने दी।



राजेश मुनिजी एवं उपप्रवर्तक नरेशमुनिजी

# हिमालय में 15,000 फुट की ऊंचाई पर बसे गांव के लोग कर रहे पानी और रोजगार के लिए संघर्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ताशीगांग। बर्फीले हिमालय में 15,256 फुट ऊंचाई पर बसा छोटा सा गांव ताशीगांग सबसे कठिन परिस्थितियों और जलवायु परिवर्तन की अनेक अनिश्चितताओं के बीच जीवित रहने की जद्दोजहद को बयां करता है। यहां दुनिया का सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित मतदान केंद्र है और सिर्फ 62 मतदाता हैं। ताशीगांग और पड़ोसी गेटे में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है। यहां कृषि में होने वाला घाटा, पानी, सड़कें, नौकरियों और आजीविका जैसे मुद्दे हावी हैं। उदाहरण के लिए कलजंग डोलमा ने कहा कि राज्य के लोक कल्याण विभाग में अपनी नौकरी खोने के बाद वह अपनी बेटी की स्कूल फीस भरने के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि वहां काम करने पर उन्हें हर महीने 13,000 रुपये मिलते थे, जो उनकी नजर में ठीक-ठाक थे।

छह सदस्यों वाले डोलमा के परिवार ने फिर से खेती करनी शुरू कर दी है, जो पीडबल्यूडी विभाग के सड़क निर्माण दल में संविदा कर्मचारी के तौर पर उनकी नौकरी लगने से पहले परिवार की आय का मुख्य स्रोत था। वे मुख्य रूप से मटर उगाते हैं लेकिन इससे गुजारा मुश्किल से ही हो पाता है। डोलमा ने कहा, एक दशक पहले मटर का उत्पादन 100 बोरी होता था, जो घटकर अब 20-25 बोरी रह गया है। इसके परिणामस्वरूप, हम कम राशन खरीदते हैं और कम उपभोग करते हैं। चूंकि ताशीगांग के पास कोई स्कूल नहीं है, इसलिए उनकी पांच साल की बेटी लगभग 30 किलोमीटर दूर लाहौल-स्पीति जिले के मुख्यालय काजा के एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ती है। डोलमा (30) ने मुस्कुराने की नाकाम कोशिश करते हुए कहा, मेरी नौकरी चली गई और कृषि में घाटा हुआ, हम इस वर्ष अपनी बेटी की स्कूल फीस भी बड़ी मुश्किल से भर पाए।

वह अकेली ऐसी महिला नहीं है जिसने अपनी नौकरी खो दी है। संविदा पर काम करने वाले उनके जैसे कई अन्य लोग अनिश्चितता से जूझ रहे हैं और उन्होंने सरकार से उन्हें स्थायी नौकरी देने की मांग की है। उनका कहना है कि अब खेती करना फायदे का सौदा नहीं रहा। ताशीगांग में पानी की कमी के कारण खेती करना मुश्किल हो गया है। ताशीगांग का नाम 2019 से दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र के रूप में रिकॉर्ड बुक में दर्ज है। ताशीगांग स्पीति घाटी का हिस्सा है, यहां बहुत कम या बिलकुल भी वर्षा नहीं होती । लोग पानी के लिए ग्लेशियरों और बर्फबारी पर निर्भर हैं। हालांकि, ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, और पिछले कुछ सालों में बर्फबारी कम हो रही है, जिसे विशेषज्ञ जलवायु परिवर्तन का सीधा परिणाम मानते हैं।

भारत-चीन सीमा के पास स्थित स्पीति घाटी मंडी लोकसभा सीट का हिस्सा है, जो हिमाचल प्रदेश के चार संसदीय क्षेत्रों में से एक है और भारत में दूसरा सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इस निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। ताशीगांग और गेटे के 62 मतदाताओं के लिए ताशीगांग स्थित मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। टकपा के बेटे पीडब्ल्यूडी की सड़क निर्माण टीम में काम करते हैं। हालांकि, कुछ राजनेता आये और कहा कि वे तभी मदद कर सकते हैं जब गांव के निवासी एक जून को होने वाले चुनावों में मतदान करें।

कुंचोक चोडेन (23) ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, सभी का कहना है कि अगर वे जीतेंगे तो हमें पानी और स्थायी नौकरी देंगे। हमारे पास क्या विकल्प हैं? हम सभी ने इस उम्मीद के साथ मतदान करने का फैसला किया है कि सिंचाई के लिए पानी और रोजगार की हमारी मांगें पूरी होंगी। स्थानीय लोग घरेलू और कृषि जरूरतों के लिए पानी की आपूर्ति के लिए झरनों पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि बर्फबारी कम और देर से हो रही है, इसलिए झरनों का पर्याप्त रूप से पुनर्भरण नहीं हो पा रहा है।

## ट्राफी



तेलंगाना के वन और पर्यावरण मंत्री कोंडा सुरेखा, और ब्रिटिश उप उच्चायुक्त हैदराबाद, गैरेथ व्यान ओवेन, 5 वर्षीय शतरंज प्रतिभा इशानी चक्किलम को (100) चेकमेट-इन के दौरान ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए।



# ईटा गार्डन में हुआ कैंसर जागरूकता शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर द्वारा आयोजित नि:शुल्क कैंसर परीक्षण कैंप का आयोजन ईटा गार्डन अपार्टमेंट में किया गया। जिसमें रामैया मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के डॉ. कीर्ति कोशिका, डॉ. गायत्री, डॉ. प्रगति की टीम ने चेस्ट एक्स-रे, यूजीसी एबडोमन, सेल्फ ब्रीस्ट टेस्ट, ब्लड टेस्ट आदि परीक्षण किए।

महिला मंडल की सदस्यों द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ कैंप का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल ने आए हुए सभी अतिथियों एवं डॉक्टरों का स्वागत किया। डाक्टर नगमा ने कैंसर के बारे में बताते हुए कहा 45 साल की उम्र के बाद हर 6 महीने मे चेकअप होते रहना चाहिए, ताकि बड़ी से बड़ी बीमारी से बचा जा सके।

राष्ट्रीय परामर्शक लता जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी बोहरा और लता गादिया, मंत्री ज्योति संचेती, सह मंत्री वीणा पोरवाल, संगठन मंत्री पवन संचेती, प्रचार प्रसार मंत्री संगीता आंचलिया एवं ईटा गार्डन की रहवासी महिलाओं एवं अन्य कार्यकर्ता का सहयोग रहा। महेंद्र सरला श्रीमाल का विशेष सहयोग रहा। कुल 112 महिलाओं एवं साध्वीश्रीजी का परीक्षण किया गया। मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर डॉक्टरों की टीम का अभिनंदन किया गया। समाजसेवी पवनकुमार का पूर्ण सहयोग रहा। संयोजिका इन्दु खींवसरा ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार सहसंयोजिका अनीता नाहर ने किया।



# यतना धर्म का मूल : डॉ. दर्शन प्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंत नगर के तत्वावधान में आयोजित धर्म सभा में शुक्रवार को साध्वी डॉ. दर्शन प्रभाजी म. सा. ने हनुमंत नगर जैन स्थानक में कहा कि व्यक्ति को संसार में प्रत्येक कार्य प्रवृति में यतना सावधानी बरतनी चाहिए। जिससे वह अपने जीवन में अनावश्यक पाप कर्म के बंधन से बचा रह सकता है। प्रभु महावीर ने जीव को यतना में धर्म बतलाया है। खाने, पीने में, बोलने में, रहन सहन में सभी कार्य में अत्यंत सावधानी, विवेक, यतना रखनी चाहिए। इंसान का संसार में जितना पाप कार्य में रस होगा उतना उसके कर्मों का बंध होगा। पुण्य को बेच के पाप को खरीदना यह है संसार। किये हुए कर्मो को भोगे बिना जीव को संसार से मुक्ति नहीं मिलती है।

साध्वीश्री ने कहा कि संस्कार किसी मॉल में नहीं मिलते है। संस्कार तो पूज्य चारित्र आत्माओं के सेवा सान्निध्य में धर्म के माहौल से मिलते हैं। साध्वीश्री ने आगम के कथानक के माध्यम से पुण्य, सेवा, दान परोपकार की महत्ता समझायी। पूर्व में साध्वी डॉ. समृद्धिश्रीजी ने व्यक्ति को अपने जीवन में सकारात्मक सोच रखने की प्रेरणा दी। हनुमंतनगर संघ अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने सबका स्वागत किया। हनुमंत नगर संघ मंत्री सुरेश कुमार धोका ने कार्यक्रम का संचालन किया।



# कैंसर स्क्रीनिंग कैंप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर द्वारा कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन 29 मई को आचार्य महाश्रमण फिजियोथैरेपी सेंटर एटीडीसी श्रीरामपुरम में किया गया। कैंप की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से की गई। उसके पश्चात अध्यक्ष उषा चौधरी ने यह बताया कि कैंसर बहुत ही जटिल बीमारी है और ऐसे टेस्ट के द्वारा हम इस बीमारी की जड़ तक पहुंच सकते हैं और उसे ठीक कर सकते हैं। इस कैंप में ट्यूमर मार्कर लाइक उर 125, कंपलीट ब्लड काउंट ,रेंडम ब्लड शुगर आदि टेस्टिंग की गई। अन्य समाज के लोगों ने भी इस कैंप में भाग लिया और इस कैंप की सराहना की।

इस कैंप मैं उपाध्यक्ष सुनीता कोठारी,मंत्री लता नवलखा, संगठन मंत्री रंजीता बोथरा, प्रचार प्रसार मंत्री सपना गन्ना सहित कार्यकारिणी एवं सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे। -टीडीसी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। करीब 35 महिलाओं ने अपनी टेस्टिंग करवाई। संयोजिका चंदा मेहता ने आभार प्रकट किया।

## निमहांस को 2024 के लिए डब्ल्यूएचओ का नेल्सन मंडेला स्वास्थ्य संवर्धन पुरस्कार मिला

नयी दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं स्नायु विज्ञान संस्थान (निमहांस) को 2024 के नेल्सन मंडेला स्वास्थ्य संवर्धन पुरस्कार से सम्मानित किया है। निमहांस केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2019 में नेल्सन मंडेला स्वास्थ्य संवर्धन पुरस्कार शुरू किया था जो ऐसे व्यक्तियों, संस्थानों और/या सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठनों को एक मान्यता प्रदान करता है।



# भगवान मुनिसुव्रत स्वामी का जन्म कल्याणक मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां एवेन्यू रोड स्थित श्री मुनिसुव्रत राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर टेम्पल ट्रस्ट के तत्वावधान में बीसवें तीर्थंकर भगवान श्री मुनिसुव्रत स्वामी का जन्म कल्याणक मनाया गया। देवाधिदेव प्रभु का जन्म कल्याणक सुबह स्नात्र महोत्सव से प्रारंभ हुआ।

जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजा में उमड़े। मुनिसुव्रत स्वामी पंच कल्याणक पूजा श्री मुनिसुव्रत राजेन्द्र जैन महिला मंडल द्वारा संगीतमय धुन एवं परमात्मा भक्ति के गीतों के साथ पढ़ाई गई। इस कार्यक्रम के लाभार्थी हेमराज हस्तीमल छात्रगोता परिवार द्वारा परमात्मा की आरती की गई। पूजा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को श्रीफल भेंट किया गया। मंदिर को फूलों से सजाया गया। परमात्मा की सुन्दर अंगरचना की गई। परमात्मा के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

इस अवसर पर श्री संघ के प्रकाश हिराणी ने बताया कि परमात्मा मुनिसुव्रत स्वामी का जन्म बिहार राज्य के राजगृही नगर में हुआ, उनके पिता का नाम सुमित्र राजा एवं माता का नाम पद्मावती रानी था। उनका जन्म ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी को हुआ। उन्होंने कहा तीर्थंकर की आत्मा संसार मे परम विशिष्ठ लोकोत्म आत्मा होती है। उनका जन्म केवल स्वयं के कल्याण हेतु नही किंतु सम्पूर्ण विश्व के कल्याण का कारण होता है। इस लिए तीर्थंकर देव का जन्म जन्म कल्याणक कहलाता है। इस अवसर पर श्री संघ के ओटमल संघवी, ओ.सी. जैन, राजेश कांकरिया, डूंगरमल चोपड़ा, प्रकाश बालगोता, प्रेमा गाँधीमुथा आदि उपस्थित रहे।



# 'गृहस्थों में ही हम साधुओं का पोषण हो रहा है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पूना। यहां वासूपूज्य स्वामी मीरा आनंद जैन संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी म. सा. अन्य मुनिवृंदों के साथ विराजित हैं। बड़ी संख्या में श्रोता प्रवचन श्रवण का लाभ ले रहे हैं। आचार्यश्री का जन्मदिन धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। बाहर गांव से भी अन्य श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। आचार्यश्री ने कहा कि इस समय सबसे ज्यादा हमें आवश्यकता है अपने घर गृहस्थी के धर्म का निर्वाह करने की। जो गृहस्थ है वो बात को अच्छे से समझें। ये जो आज का वातावरण या माहौल चल रहा है वह गृहस्थी का सत्यानाश करने वाला चल रहा है। गृहस्थों में ही तो हम साधु पैदा हुए, तीर्थकर भी तो गृहस्थों में ही पैदा हुए। गृहस्थों में ही हम साधुओं का पोषण हो रहा है। गृहस्थों से ही बड़े-बडे परमहंस भिक्षा मांगते है, इसलिए यदि आपका गृहस्थ धर्म बेकार हो गया तो सब कुछ बेकार हो जाएगा। आपसे ही सब धर्म चल रहा है। सारे धर्म आपसे चल रहे है। क्योंकि हम संत-सज्जन भी तो पैदा भी गृहस्थों के वहाँ ही होते हैं और पलते भी तो गृहस्थों से ही है। अगर आप भ्रष्ट है तो हमारी बुद्धि कहा से बची रहेगी। प्रज्ञा का आभाव हो जाएगा। अत: सबसे बड़ा चिंता का विषय यह है कि हमारा समाज बिगड़ता चला जा रहा है। गृहस्थी में भ्रष्टता जड़ कर रही है। गृहस्थी में सुन्दर पति है, स्वस्थ पति है लेकिन फिर भी गृहलक्ष्मी दूसरे पुरुष से प्रेम कर रही है।



# सुसवाणी महिला मंडल की मासिक सभा संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां विजयनगर के सिंडिकेट बैंक कॉलोनी स्थित मीना दिलीप कुमार दुग्गड परिवार के निवास स्थान पर सुसवाणी माता महिला मंडल की मासिक सभा सह माताजी की चौकी का आयोजन शुक्रवार को सदस्यों के पारंपरिक वेशभूषा, अंताक्षरी सहित अनेक कार्यक्रम के साथ बडे ही हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। भक्ति में मधु सुराना के साथ सरोजा सुराना के साथ मिलकर अनेक लोकप्रिय भक्ति गीतों की गंगा बहाई।

सदस्यों का परिचय एवं स्वागत से संस्थापिका अध्यक्ष संगीता विजय कुमार सुराना ने मंडल के आगामी कार्य योजना को विस्तार से बताया। संरक्षिका दुर्गा देवराज सुराना ने मंडल विस्तार की सलाह एवं कार्य योजना में समाज सेवा का विषय पर प्रकाश डाला। सचिव हेमलता प्रकाशचंद सुराना ने कार्यक्रम सफलता पर संतोष व्यक्त करते धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर आशा सुराना, पुष्पा सुराना, रश्मी सुराना, सुशीला दुग्गड, गुणवंती सुराना, इन्द्रा सुराना एवं मीना दुग्गड उपस्थित रहे।

## तैयारी



पटना में शुक्रवार को कन्या एम.एस. में आम चुनाव 2024 के सातवें चरण के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री ले जाते मतदान अधिकारी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.